श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 288, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 14 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## यहां हालात कभी भी बदल सकते हैं: आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे

# 'चीन ने सीमा पर सेना नहीं घटाई'

**नई दिल्लीः** आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में स्थिति स्थिर है, लेकिन अनप्रिडेक्टेबल है। यानी यहां हालात कब बदल जाएं ये कहना मुश्किल है। उनका कहना है कि हमें एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) पर अपनी कार्रवाई का बहुत सावधानी से आकलन करने की जरूरत है ताकि हम अपने हितों की सुरक्षा कर पाएं। आर्मी चीफ के मुताबिक चीन ने सीमा पर अपनी सेना को न तो कम किया है, न ही बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में कमी की है। उन्होंने यह बातें शनिवार को चाणक्य डायलॉग्स में थिंक टैंक ग्रुप को संबोधित करते हुए कही।

**सात में से पांच मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल किया गयाः** जनरल मनोज पांडे ने कहा कि सीमा विवाद के सात में से पांच मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल कर लिया गया है। हम भारत-चीन के बीच 17वें दौर की कोर कमांडर लेवल की बैठक पर विचार कर रहे हैं। इसमें दो विशेष बिंदुओं से जुड़े मुद्दों को हल करने पर ध्यान देना होगा।



उनके इस बयान से माना जा रहा है कि उन्होंने डेमचोक और देपसांग का जिक्र करते हुए यह बात कही हैं। इसी साल 17 जुलाई को भारत और चीन के बीच कोर कमांडर लेवल की 16वें दौर की बातचीत हुई थी। 8 सितंबर 2022 से सेनाओं के पीछे हटने की प्रोसेस शुरू हुई थी और यह पूरी तरह 13 सितंबर को खत्म हुई।

**'चीन की कथनी और करनी में अतंर'**

जनरल मनोज पांडे न आर्मी चीफ ने चीन के दोहरे रवैये को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि कहा कि चीन की कथनी और करनी में अतंर है। हम सभी जानते हैं कि चीनी क्या कहते हैं और वे जो करते हैं, वह बिल्कुल अलग हैं। यह भी उनके टेम्परामेंट और कैरेक्टर का एक पार्ट है। हमें उनकी बातों पर ध्यान देने के बजाय उनके एक्शन पर ध्यान देने की जरुरत है। आर्मी चीफ ने कहा कि चीनी सैनिकों की संख्या में कोई कमी नहीं हुई है, लेकिन सर्दियों की शुरूआत के साथ कुछ एलएसी ब्रिगेड के लौटने के संकेत मिले हैं।

**2020 में चीन ने गलवान घाटी में भारतीय सेना पर हमला किया**

2020 में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को तैनात कर दिया था। इसके बाद इस इलाके में कई जगहों पर चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की। इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी इस इलाके में चीन के बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती कर दी थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि 4 दशक से ज्यादा वक्त के बाद एलएसी पर गोलियां चलीं। इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे।

# इंग्लैंड ने जीता टी-20 विश्वकप का खिताब

## फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

**मेलबर्नः इंग्लैं**ड ने आईसीसी टी-20 विश्वकप के फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की जीत के हीरो स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स रहे। इंग्लैंड ने दूसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 137 रन बनाए थे। पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाज शान मसूद ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। कप्तान बाबर ने 32 रन, शादाब खान 20 रन और मोहम्मद रिजवान ने 15 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के सामने 138 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की ओर से सैम करन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि आदिल राशिद ने दो विकेट, क्रिस जार्डन ने 2 विकेट और बेन स्टोक्स ने एक विकेट लिया। इसके बाद 138 रनों के मिले लक्ष्य को इंग्लैंड की टीम ने स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की 49 गेंदों पर 52 रनों की नाबाद पारी से आसान जीत हासिल कर ली। इंग्लैंड ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर दूसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले इंग्लैंड 2010 में भी टी-20 चैंपियन बनी थी। ओवरऑल इंग्लैंड का यह तीसरा विश्व कप खिताब है। 2019 में इंग्लैंड की टीम वनडे चैंपियन भी बनी थी। स्टोक्स के अलावा कप्तान जोस बटलर ने 26 रन, हैरी ब्रूक 20 रन, मोइन अली 19 रन और फिलिप सॉल्ट ने 10 रन का योगदान दिया। स्टोक्स ने पहले गेंदबाजी से एक विकेट लिया, फिर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया।




## इस साल पाक से 250% ज्यादा ड्रोन घुसपैठ

**नई दिल्लीः बॉर्डर** सिक्योरिटी फोर्स के आईजी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ड्रोन के जरिए साल 2021 के मुकाबले 2022 में पश्चिमी मोर्चे पर घुसपैठ 250% बढ़ी है। पाकिस्तान सीमा पार से इसके जरिए ड्रग्स, हथियार और गोला-बारूद सप्लाई किया जाता है। सबसे ज्यादा ऐसी घटनाएं पंजाब में देखी गईं। यहां सीमा पार से फोर्स ने अब तक 215 ड्रोन को मार गिराया गया है। डीजी ने फोरेंसिक लैब के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को यह जानकारी दी।

# उदयपुर-अहमदाबाद रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश

## पुल पर डेटोनेटर से ब्लास्ट, पीएम मोदी ने 13 दिन पहले किया था उद्घाटन

**उदयपुरः** उदयपुर-अहमदाबाद रेलवे लाइन पर बने पुल पर शनिवार देर रात अज्ञात लोगों ने ब्लास्ट कर दिया। इससे पटरियों पर क्रैक आ गया। मौके पर बारूद भी मिला है। बदमाशों की साजिश पुल को उड़ाने और रेलवे ट्रैक को बर्बाद करने की थी। धमाके से चार घंटे पहले ही इस ट्रैक से ट्रेन गुजरी थी। घटना के बाद अहमदाबाद से उदयपुर आ रही ट्रेन को डूंगरपुर में रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को ही इस लाइन का लोकार्पण किया था।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा- डेटोनेटर से पुल को उड़ाने की साजिश सामने आई है। उदयपुर एसपी विकास शर्मा ने कहा कि शुरूआत में तो यह लग रहा है कि पूरी तरह प्लानिंग कर ब्लास्ट किया गया है। डेटोनेटर सुपर 90 श्रेणी का है। बम स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। घटनास्थल पर राजस्थान पुलिस की एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड भी पहुंच गई है।



**स्थानीय लोगों की सतर्कता से कई लोगों की जान बचीः** घटना उदयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर सलूम्बर मार्ग पर केवड़े की नाल में ओढ़ा रेलवे पुल की है। जहां ग्रामीणों को शनिवार रात 10 बजे के आसपास धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद कुछ युवा तुरंत पटरी पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि रेलवे लाइन पर बारूद पड़ा है। पटरियां कई जगह से टूट चुकी थीं। पुल पर लाइन से नट-बोल्ट भी गायब मिले। ट्रैक पर लोहे की पतली चादर भी उखड़ी हुई मिली।

# भारत का इतिहास भूली कांग्रेसः राजनाथ




**झज्जरः** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग कमल को सिर्फ भाजपा का चुनावी प्रतीक बता रहे हैं। पीएम मोदी ने जी-20 का लोगो जारी किया है, उसमें कमल का फूल होने से लोगों को आपत्ति है। कांग्रेस शायद भारत का इतिहास भूल गई है। कमल को 1950 में ही भारत का राष्ट्रीय पुष्प घोषित कर दिया गया था। 1857 में स्वतंत्रता सेनानियों ने एक हाथ में रोटी और दूसरे हाथ में कमल का फूल लेकर आजादी की लड़ाई लड़ी थी। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह हरियाणा के झज्जर के कुलाना में सम्राट पृथ्वी राज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि क्या हाथ अगर किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिन्ह है तो उसे काट देना चाहिए। अगर किसी का चिह्न साइकिल है तो क्या उसे इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हम भारत की सांस्कृतिक गरिमा से छेड़छाड़ ना तो होने देंगे और ना ही बर्दाश्त करेंगे।

**पीएम बोले- ये ऐतिहासिक अवसर हैः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर को जी-20 का लोगो, वेबसाइट और थीम लॉन्च की थी। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 1 दिसंबर से भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। जी-20 का ये लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है, ये एक संदेश है, ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है जो हमारी सोच में शामिल रहा है। इस लोगो और थीम के जरिए हमने एक संदेश दिया है। जी-20 के लोगो में कमल का फूल देखकर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि 70 साल पहले नेहरू ने कांग्रेस के झंडे को भारत का झंडा बनाने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

# राधा स्वामी डेराः दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखें

**अमृतसरः** पंजाब के फिरोजपुर में एक राधा स्वामी डेरे की दीवारों पर हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे लिखे गए हैं। इसका एक वीडियो विदेश में बैठे आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने जारी कर दिया है। इसके साथ ही डेरा मुखी गुरिंदर सिंह ढिल्लों को धमकाया है कि केंद्र का साथ ना दें। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने से भी रोका था। गौरतलब है कि आतंकी पन्नू बीते कुछ समय से काफी अधिक एक्टिव हुआ है। सुधीर सूरी हत्या के बाद से लेकर अभी तक उसकी चौथी वीडियो सामने आ चुकी है। इस वीडियो में उसने पंजाब के फिरोजपुर के अंतर्गत आते तलवंडी भाई के डेरे की दीवारों पर लिखे हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारों की वीडियो को वायरल किया है।

इसके साथ ही उसने डेरा मुखी गुरिंदर ढिल्लों व डेरे के श्रद्धालुओं को खालिस्तान व पाकिस्तान या हिंदुस्तान से एक को चुनने की धमकी भी दी है।

**पहले भी डेरे को लेकर जारी की थी वीडियोः** डेरे को लेकर आतंकी पन्नू की यह दूसरी वीडियो है। इससे पहले आतंकी पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्यास स्थित डेरा राधा स्वामी में आने से पहले वीडियो को जारी किया था।

## प्रियंका ने पिता के हत्या के बारे में पूछा और रो पड़ीं: नलिनी

# राजीव हत्याकांड के दोषी से जेल में मिली थीं प्रियंका

**नई दिल्लीः** राजीव गांधी हत्याकांड के 6 दोषियों को शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। इसमें नलिनी श्रीहरन भी शामिल थीं। नलिनी ने रविवार को मीडिया से बातचीत की और उस वक्त को एक बार फिर से याद किया जब राजीव गांधी की बेटी प्रियंका गांधी उनसे मिलने जेल आई थीं। नलिनी ने बताया कि- प्रियंका जब मुझसे जेल में मिलीं तो उन्होंने पिता की हत्या के बारे में सवाल किया और रो पड़ी थीं।

जेल के दिनों को याद कर नलिनी ने कहा कि मैं दो महीन की प्रेगनेंट थी फिर भी मुझे लॉकअप में रखा गया। वहां लोग हत्या की दोषियों की तरह व्यवहार करते थे। नलिनी ने कहा कि अब परिवार ही मेरी प्राथमिकता है। मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो चुका है। इसलिए मैं अब घर में रहकर परिवार पर ध्यान दूंगी।



**गांधी परिवार से जरूर मिलूंगीः** नलिनी ने कहा कि मैं गांधी परिवार की आभारी हूं। मौका मिला तो मैं गांधी परिवार से जरूर मिलूंगी। मैं तमिलनाडु में कुछ जगह जाकर देखना चाहती हूं विशेष रूप से कमला सर मेमारियल। मैं उन सभी लोगों से मिलना चाहती हूं जिन्होंने मुझे जेल से बाहर निकलने में मदद की। मैं तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन से मिलना चाहती हूं। मैं उनसे मिलकर उनका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

**शनिवार को रिहा किए गए 6 दोषीः** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के छह दोषियों को शनिवार शाम तमिलानाडु की अलग-अलग जेलों से रिहा किया गया।

# स्टार्टअप के लिए हर कैंपस बने 'इंक्यूबेटरः गोयल

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सभी संस्थानों के परिसरों को स्टार्टअप फर्मों के लिए 'इनक्यूबेटर' बनना चाहिए। इनक्यूबेटर वह संगठन हैं जो इनोवेशन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी), राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान (एफडीडीआई) जैसे संस्थानों के प्रमुखों के साथ बैठक की। इस दौरान मंत्री ने संस्थानों से इस बात का आत्मनिरीक्षण करने के लिए कहा कि क्या उनकी शिक्षा कल की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की है। मंत्री ने आगे कहा, हमें भारत की फैशन तकनीक को दुनिया के विकसित बाजारों में ले जाने की कोशिश करनी चाहिए। गोयल ने यह भी कहा कि हमारे संकाय (फैकल्टी) आधार का विस्तार करने के लिए भारी निवेश की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्री ने एक बयान में कहा कि देश के डिजाइन के प्रतिष्ठित संस्थानों को अपने छात्रों की संख्या में कम से कम दस गुना इजाफा करना चाहिए।



बयान में कहा गया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय के तहत काम करने वाले इन पांचों प्रतिष्ठित संस्थानों से आपस में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया गया ताकि वे एक साथ मिलकर काम कर सकें। सुधार व विकास के लिए तालमेल बढ़ा सकें। उन्होंने संस्थानों से विलय पर विचार करने को कहा ताकि संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल किया जा सके। गोयल ने संस्थानों से पूर्व छात्रों पर केंद्रित नेटवर्क बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों में अल्मा मेटर के विकास में योगदान करने की अपार क्षमता है। वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा, शैक्षिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों को न केवल शहरों में बल्कि पूरे देश में मानव संसाधनोंके विकास पर ध्यान देना चाहिए।

# मान सरकार ने हथियारों के नए लाइसेंस पर रोक लगाई

**चंडीगढ़ः** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने हथियारों के नए लाइसेंस पर रोक लगा दी है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि जब तक डीसी व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट न हो तब तक कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा।

अब तक जारी हथियार लाइसेंसों की अगले 3 महीनों के भीतर समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। आने वाले दिनों में रैंडम चेकिंग होगी। जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली जश्न मनाने के दौरान गोलीबारी दंडनीय होगी। पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था की वजह से आलोचना झेल रहे पंजाब सरकार कड़े फैसले ले रही है। शनिवार को ही बड़े स्तर पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए थे। सरकार ने तीन सीपी समेत आठ एसएसपी समेत कुल 30 आईपीएस और तीन पीपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर के आदेश जारी किए थे।



# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश अध्यक्ष बने सुरेश त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** सुरेश त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मां विंध्यवासिनी गार्डन लखनपुर मेजारोड में जोरदार स्वागत हुआ। बता दे की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मां विंध्यवासिनी गार्डन लखनपुर मेजारोड में जोरदार स्वागत किया गया।कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक नेता रजनीश मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर सरवती जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।सुरेश त्रिपाठी ने सभी इंटर स्कूल के अवकाश प्राप्त अध्यापक को अंग वस्त्र देकर समानित किया। मंच का संचालन कर रहे शिक्षक अनिल शुक्ला ने त्रिपाठी जी की जमकर तारीफ की और संचित परिचय दिया। कार्यक्रम




में तिवारी बंधु सुजीत और मंजीत ने स्वागत गीत गा कर अध्यक्ष जी का स्वागत किया और जिससे सभी लोगो का मन मोह लिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की मुझे माला की जरूरत नहीं है आप तो हमारे दिल में है।उपर्युक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री अनुज पांडे,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश पांडे,पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, व्यापार मंडल संरक्षक नित्यानंद उपाध्याय,पप्पू उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी,प्रयाग शुक्ला,रमाकांत मिश्रा,जगदीश प्रसाद द्विवेदी,हौसला तिवारी,रमेश मिश्रा,रमेश तिवारी,प्रधान लखनपुर संदीप तिवारी,विजय शर्मा, अजय मिश्रा,श्री प्रकाश दुबेदी,राजन मिश्रा,सुनील तिवारी,अमरेश तिवारी,अजय तिवारी,आशीष सिंह,राजीव तिवारी,रवि तिवारी, आकाश तिवारी के साथ सभी स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा के लिए हुई बैठक

**घूरपुर।** क्षेत्र के खटगिया गांव स्थित कैलाश धाम मंदिर स्थल पर आगामी 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होने वाली दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय गणमान्यों की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई । यज्ञ संयोजक आचार्य अभिषेक शुक्ल ने मौजूद लोगों से कथा यज्ञ को सफल बनाने के सहयोग की अपील की । मौजूद गणमान्यों ने एक स्वर से यज्ञ को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की सहमति दी । इस मौके पर जागृत कुमार पांडेय,वीरेंद्र शास्त्री,राजधर द्विवेदी,आदित्य नारायण शुक्ल,शीलू शुक्ल,बब्बन सिंह,सत्येंद्र प्रताप सिंह,अशोक तिवारी, शम्भू केसरवानी, अनिल पांडेय,भूपेंद्र पाठक,शनि सिंह,आशीष सोनकर प्रधान, अजय द्विवेदी, आलोक त्रिपाठी , आर के शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने को बैठक करते गणमान्य।

## सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया




**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विधान सभा क्षेत्र के हिनौता देवरी में अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की आजादी के बाद वे प्रथम गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री बने। बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर वहाँ की महिलाओं ने सरदार की उपाधि प्रदान की। राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल की नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सरक्षण में अपने बीच के लोगों को सांसद चुनकर दिल्ली पहुंचाने का काम करेंगे तभी लोकतंत्र को बचाया जा सकता है । कार्यक्रम का संचालन डॉ रामसागर पटेल किया और अध्यक्षता शेष बहादुर पटेल ने उपस्थित आम जनमानस का अभिवादन किया । दिलीप पटेल, डॉ पंकज पटेल, अजय पटेल, जिला अध्यक्ष जमुनपार एडवोकेट रमेश चन्द्र पटेल, जिला अध्यक्ष गंगापार अरुण पटेल, दयाशंकर पटेल, रामबाबू पटेल देवचन्द्र पटेल सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री, शुआट्स में खेलकूद दिवस आयोजित

**नैनी।** कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री, शुऑट्स द्वारा 12 नवंबर 2022 को बडे. जोश, उत्साह और जोशीले माहौल के साथ कॉलेज स्पोर्ट्स डे

का आयोजन किया गया। खेल दिवस की शुरूवात कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के डीन प्रोफेसर (डा0) एंटोनी जोसफ राज ने मेहमानों, प्रतिभागियों संकाय और छात्र का स्वागत करते हुए की। प्रोफेसर एंटोनी ने जोर देकर कहा कि खेल में शामिल होना स्वस्थ शरीर और मानसिकता को आकार देने में मदद करता है। प्रोफसर एंटनी ने व्यक्ति को शारीरिक रुप से सक्रिय बनाने, सामाजिक कौशल के निर्माण और समग्र व्यक्तित्व को बढ़ाने में खेल के महत्व पर भी जोर दिया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो0 (डा0) एस0 बी0 लाल,

हासिल किया। श्री संजय कुमार (स्टॉफ), तान्या तमीशा (छात्र) और हैविचू टेप (छात्र) कैरम में पहला स्थान हासिल किया। बाद में, विभिन्न स्पधाओं के विजेताओं को रोलिंग कप, पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के डीन प्रोफेसर (डा0) एंटनी जे0 राज ने प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को बधाई दी। डा0 हर्ष बोध पॉलीवाल, डा0 समीर डेनियल, डा0 श्रधा रावत और डा0 एकता पाठक मिश्रा को स्टॉफ श्रेणी में उत्तकृष्ट खिलाड़ी के रुप में पुस्तकृत किया गया। जॉय फेनिहास और सोनाली मैनहास कॉलेज के उत्तकृष्ट छात्र खिलाड़ी के रुप में पुस्तकृत किये गये। सी0 मन्जुनाथ को क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच से पुस्तकृत किया गया।

## आरोग्य मेले में चिकित्सकों ने किया मरीजों की जांच, दी गई निःशुल्क दवाएं

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** प्रदेश शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के तहत नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों पर रविवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल चौरसिया की देखरेख में आयोजित आरोग्य मेले में आसपास के 52 मरीजों की चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दी गई। जिसमें वर्तमान समय में डेंगू से संक्रमित एवं बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा थी। जिसमें से 30 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें से 20 मरीजों को बुखार होने पर उन्हें दवाएं तथा उचित परामर्श दिया गया। आरोग्य मेले में डॉक्टर शहला हमीद, डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट रामाशंकर ,स्टाफ नर्स रोमी सिंह, कमल भानु , सलीम इम्तियाज आदि लोगों ने सहयोग करते हुए मरीजों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक किया।

इस मौके पर बढ़ते संक्रमण, बुखार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। जिसके तहत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल चौरसिया ने उपस्थित लोगों को बदलते मौसम में सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा मौसम में बदलाव के कारण दिन में गर्मी तथा सुबह-शाम ठंड के कारण शरीर के तापमान में अपेक्षित परिवर्तन के कारण बुखार, सर्दी , खांसी , जुकाम सहित अन्य बीमारी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए बच्चे एवं बुजुर्ग तथा किसी भी लंबी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े के अतिरिक्त ठंडा पेय पदार्थ तथा बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड से दूरी बनाते हुए अपने को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि घर में साफ सफाई के अतिरिक्त स्वच्छ पेयजल का प्रयोग भोजन आदि में जरूर करें। जिससे संक्रमण सहित मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके।

## डेंगू बुखार से पीड़ितों की हो रही मौत, लोगों में दहशत

### महीने भर में पांच पीड़ितों की हुई मौत कई उपचार हेतु भर्ती।

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** डेंगू संक्रमण का कहर इतना बढ़ता जा रहा है कि क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल हो गया है। डेंगू बुखार से जहां पीड़ितों की जान जा रही है वहीं बड़ी संख्या में पीड़ित उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। बतादें कि क्षेत्र में इन दिनों बुखार की चपेट से महीने भर में पांच लोगों की जहां मौत हो गई वहीं पर आसपास के गांव के कई लोग अस्पतालों में भर्ती होकर अपना उपचार करा रहे हैं। वहीं पर समाजसेवी लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मोहल्लों में जागरूकता अभियान के साथ जांच पड़ताल एवं उपचार की मांग की है। जानकारी के अनुसार बीते 18 अक्टूबर को सहसों के ही मजदूर रामफल पुत्र विपत की मौत बुखार होने से हो गई थी। वहीं पर 6 नवंबर को कसेरुवा खुर्द गांव के अधिवक्ता संजय गुप्ता पुत्र राजाराम एवं पैथोलॉजी संचालक रियाज के 15 वर्षीय पुत्र रेहान रजा की भी मौत बुखार होने से हो गई थी। इसी



प्रकार सहसों के बीड़ी व्यवसायी मोहम्मद कलीम अंसारी पुत्र स्वर्गीय हाजी दीन मोहम्मद की मौत 9 नवंबर को हो गई। और भाजपा के नेता बसमहुआ गांव निवासी अशोक कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी को सप्ताह भर पहले बुखार आने पर प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर आराम न मिलने पर परिजन इलाज के लिए दिल्ली ले गए परन्तु 10 नवम्बर को उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इसके अलावा भोपतपुर गांव के अताउल हक, सिंगरामऊ के राधेश्याम पांडे व मोनू मिश्रा, भोपतपुर के राजेन्द्र कुमार गुप्ता तथा मोहम्मद फैजान सहित आसपास के कई गांव के लोगों ने अस्पतालों में भर्ती होकर अपना इलाज करा रहे हैं। इसको देखते हुए सिंगरामऊ गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता लालजी द्विवेदी, जय कृष्ण पांडे वीरु तथा सहसों बाजार निवासी युवा समाजसेवी आलोक कुमार सिंह एवं हिमांशु सिंह तथा शिक्षक रामेन्द्र सिंह, शशांक धर द्विवेदी, मानसिंह यादव ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मोहल्ला क्लीनिक चलाने के साथ जांच-पड़ताल एवं प्राथमिक उपचार कराए जाने की मांग की है। तथा हर मोहल्ले में अधिक से अधिक छिड़काव एवं फागिंग भी कराई जाए।

## गाजे बाजे के साथ निकली श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा

**घूरपुर।** क्षेत्र के तातारगंज गांव में लोक कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारम्भ के पूर्व रविवार के दिन कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई । कलश यात्रा में गांव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया । कलश यात्रा की अगुआई कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर त्रिपाठी ने किया। तातारगंज स्थित सिंह मार्केट में आयोजित अखंड ब्रह्मांड नायक परमात्मा वासुदेव श्री कृष्ण जी की कथा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्राम वासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से रविवार के दिन से शुरू हुआ । रविवार के दिन कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकली और कथा स्थल पर वेदी पूजन कर कलश की स्थापना की गई । कथा व्यास पंडित शयमसुन्दर त्रिपाठी आचार्य सोमवार से कथा का शुभारंभ करेंगे । कलश यात्रा में पंडित चंद्रशेखर पांडेय,राजाबाबू पाठक,पूर्व पीसीएस राधेश्याम पाठक,कल्लू सिंह,कमलाकांत द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी,हरिविलाश पांडेय,विनोद पांडेय,दान बहादुर सिंह सहित गांव व क्षेत्र के सैकड़ों नर नारी मौजूद रहे।

## अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ मसुरिया धाम का ऐतिहासिक मेला

### भारी संख्या मे पुलिस बल की तैनाती के बाद भी मंदिर प्रांगण से पुलिसकर्मी नदारद :लापरवाही

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया तरहार स्थित मसुरिया धाम का ऐतिहासिक मेला हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी शुरू हो गया है। बड़ी बात तो यह है कि मेला तो शुरू हुआ मेले मे आये श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या मे पुलिस बल की भी तैनाती की गई। ऐतिहासिक मेला होने के कारण लालापुर थाना ही नहीं बल्कि अन्य थानो से भी पुलिसकर्मियों पीएसी, जल पुलिस ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी मेले मे लगाई गई है किन्तु मंदिर प्रांगण एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते। मंदिर के पुजारी ने बताया कि भारी संख्या मे पुलिस बल की तैनाती के बाद भी मंदिर प्रांगण मे एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते यहां इतनी भीड़ रहती है कि मै परेशान हो जाता हूं, भीड़ नियंत्रण करने के लिए यहां एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं है। बता दें कि मेले मे सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा पहले से तैयारियां की जाती हैं। इतनी तैयारियों के बाद भी यदि इस तरह की लापरवाही सामने आती है तो साफतौर पर यह मेला प्रभारी की



उदासीनता कही जा सकती है। मेले मे प्रशासनिक व्यवस्थाओं से लेकर माता के धाम पर दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी मेला प्रभारी के कंधो पर होती है। लोगों ने बताया कि इस बीच मेले मे यदि किसी भी तरह की कोई समस्या होती है या अप्रिय घटना घटित होती है तो यह मेला प्रभारी की लापरवाही व उदासीनता के कारण होगी क्युंकि इतनी भारी संख्या मे पुलिस बल की तैनाती के बाद भी मंदिर प्रांगण मे एक भी पुलिसकर्मी का न होना विचारणीय है।

## हसीन मुस्ताक दूसरी बार बने एमडीआरटी क्लब सदस्य



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के महरौड़ा गांव निवासी हसीन मुस्ताक लगातार दूसरी बार भारतीय जीवन बीमा निगम के एमडीआरटी क्लब मेंबर अमेरिका बने। शनिवार को भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ मंडल अधिकारी कुमार कुंदल ने शनिवार को होटल ग्रैंड कॉन्टिनेंटल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया । इस सफलता पर क्षेत्रीय लोग गदगद हैं। मऊआइमा के महरौड़ा निवासी हसीन मुस्ताक को सम्मानित करते भारतीय बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी

## ई तिरंगा हमरे भारत की शान मितवा.......

### महोत्सव मंच पर जमुनापार के लोक कलाकारों ने माटी के गीतों से बांधी समां

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह कॉलेज परिसर मेंआजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 24वें जमुनापार महोत्सव के पांचवें दिन मंच पर पहुंचे लोक कलाकारों ने माटी के गीतों की गंध बिखेरी। मंच पर देश की आन बान शान और तिरंगे को सलाम करते गीतों का लोकरंग मुखरित हुआ। मोनू मस्ताना द्वारा वाणी वंदना और गीत के बाद आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकार रामबाबू यादव ने, बचा के रखिहौ पनिया बनि के पहरेदार हो जैसे गीतों पर खूब तालियां बटोरी। श्यामलाल बेगाना का गीत,जां से प्यारा हमारा वतन साथियों खूब सराहा गया तो वहीं सत्यवान सत्यार्थी द्वारा प्रस्तुत लोकगीत ई तिरंगा हमारे देश के शान मितवा, सुनकर पण्डाल में भारत माता के जयकारे लगने लगे। इस दौरान दीपेश कुमार,राम सुचित गोलू,दिलीप चौधरी,कृष्ण कुमार सत्यार्थी,त्रेतिमा कुमारी,सूर्य प्रकाश तिवारी,मोहिनी श्रीवास्तवऔर बृजेश तिवारी के गीतों में माटी के लोकरंग की झलक मिली। लोक कलाकारों ने अपनी परंपरा और संस्कार को सहेजते हुए शगुन, परछन,माडौ, गारी, विवाह, विदाई जैसे गीतों का की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। सभी कलाकारों को मंच पर वरिष्ठ कवि फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज और समाजसेवी




शोभनाथ शुक्ल ने सम्मानित किया।रामकथा सत्र में प्रयागपीठ से पधारे स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने राष्ट्रधर्म को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए राष्ट्रप्रेम और राष्ट्र की रक्षा हेतु श्रोताओं को प्रेरित किया। भगवान राम के लोक जीवन में कई उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। वृंदावन से आए गोपाल जी महाराज ने राम की प्राप्ति हेतु मनुष्य को चरित्र की सीढ़ी से होकर गुजरने पर जोर दिया। संचालन वरिष्ठ कवि राजेंद्र शुक्ला ने किया।महोत्सव के पांचवे दिन तीरथराज पांडेय, रामलोचन सांवरिया,कल्लू मिश्रा प्रधान,देवनाथ मिश्र,सीताराम निषाद,कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, गोविंद द्विवेदी, कमला शंकर तिवारी राजकुमार विश्वकर्मा,दीपू निषाद,दिनेश चौधरी समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## यातायात माह के अवसर पर अध्ययन एकेडमी नें वितरित किया बैग एवम पत्रिका

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** राजकीय बालिका इंटर कालेज मे शनिवार को यातायात माह के अवसर पर यातायात नियमों एवम उसके उपयोगिता पर छात्राओं को जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर यातायात नियमों की उपयोगिता पर निबंध एवम पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को अध्ययन एकेडमी की ओर से पाठय सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा नें कहा कि यातायात नियमों का पालन करके सफल यात्रा सुनिश्चित किया जा सकता हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करने पर अनेकों दुर्घटनाओं के साथ -साथ बड़े पैमाने पर मार्ग दुर्घटना मे असमय मौत के शिकार हों रहें हैं आगे उन्होंने हेलमेट एवम सीटबेल्ट से होने वाले लाभ के विषय मे छात्राओं को अवगत करतें हुए इनके प्रयोग को लेकर समाज को जागरूक करने की अपील की ।कार्यक्रम संयोजक इलाहाबाद विश्वविद्यालय मे अर्थशास्त्र के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल नें छात्राओं को विभिन्न सिग्नल एवम प्रतीक चिन्हो के विषय मे छात्राओं को जागरूक किया इस अवसर पर उन्होंने मार्ग दुर्घटना मे बेतहाशा वृद्धि के लिए नशा एवम मोबाइल के उपयोग को भी जिम्मेदार ठहरातें हुए इनके प्रयोग न करने की शपथ भी दिलवायी गयी। रीना यादव, गीता पाण्डेय, कीर्ति अवस्थी, रेखारानी,फौजिया नसरीन, गीतांजलि, शगुफ्ता जमाल, सुनीता मालवीया, नीता त्रिपाठी, नीलम गुप्ता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



# बाल दिवस के मौके पर खुला देश का पहला निशुल्क केक बैंक

## चर्चित समाजसेवी पंकज रिजवानी ने पिता की याद में खोला सेवक राम हेल्पिंग केक बैंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिंदगी में महान बनने के लिए, किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं होती,अच्छे संस्कार की हमें इंसान बनाते हैं और यह कहावत प्रयागराज के रहने वाले पंकज रिजवानी के ऊपर बिल्कुल सटीक बैठती है। आज हम आपको प्रयागराज के एक अनोखे बैंक के बारे में बताने जा रहे हैं ।आपने पैसों के लेनदेन वाला बैंक या रोटी बैंक , अनाज बैंक तो सुना होगा लेकिन जिले के रहने वाले पंकज रिजवानी ने देश का पहला निशुक केक बैंक की स्थापना की है। यह केक बैंक उन मासूम बच्चों के चेहरे पर रौनक लाएगा जो बच्चे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे होंगे या फिर अनाथ होंगे।

बाल दिवस से ठीक एक दिन पहले पंकज रिजवानी ने इस सेवक राम हेल्पिंग केक बैंक की शुरूआत

### 1 दिन का एडीजी बने कैंसर पेशेट हर्ष दुबे ने किया उद्घाटन



की है। इस केक बैंक का उद्घाटन कैंसर पेशेंट हर्ष दुबे ने किया। हर्ष दुबे वही बच्चा है जिसको 2 महीने पहले एडीजी प्रेम प्रकाश ने 1 दिन का एडीजी भी बनाया था। इस अनोखे सेवक राम केक बैंक के संस्थापक पंकज रिजवानी का कहना है कि उन्होंने अपने पिता की याद में इस केक बैंक को खोला है पंकज का कहना है कि सेवक राम उनके पिता का नाम है और जब वह जीवित थे तो उन्होंने पंकज को हमेशा कहा कि अनाथ बच्चो और कैंसर पेशेंट कि सबसे पहले मदद करनी चाहिए और अपने पिता की सपनों को पूरा करने के लिए पंकज रिजवानी ने इस बैंक को खोला है ।

इस केक बैंक में 12 साल तक के कैंसर पेशेंट और अनाथ बच्चों को उनके जन्मदिन के मौके पर निशुल्क केक मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए बकायदा शहर की कई जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं जबकि फोन नंबर को भी जारी किया गया है ।आज इस अनोखे बैंक का उद्घाटन किया गया और इस अवसर पर कैंसर पेशेंट और अनाथ बच्चों के हाथों से केक काटा गया और सभी बच्चों को गिफ्ट भी दिए गए। इसके बाद प्रयागराज के कमला नेहरू अस्पताल के कैंसर वार्ड में एक 5 साल के कैंसर पीड़ित बच्चे का भी बर्थडे मनाया गया। इस मौके पर पद्मश्री डॉ बी पॉल भी मौजूद रहे। पद्मश्री डॉ बी पॉल ने कैंसर वार्ड में ही पंकज रिजवानी के साथ बच्चे का बर्थडे मनाया और पोस्टर भी जारी किया। डॉ पॉल ने कहा कि पंकज रिजवानी बीते कई सालों से लोगों की हर तरीके से मदद करते हैं और इस तरह का केक बैंक की स्थापना करना कि जितनी भी तारीफ की जाए उतना कम है ।पंकज रिजवानी ने सेवक राम हेल्पिंग केक बैंक का हेड ऑफिस एलोपीबाग स्थित अपने निवास पर बनाया है जहां अपने घर के बाहर ही एक बड़ा सा बैनर लगाया है। सेवक राम केक बैंक का उद्घाटन करने आए एक दिन के एडीजी बने हर्ष दुबे का कहना है कि आज उनको इतनी खुशी मिल रही है जितनी उनको उस समय मिली थी जब वह एक दिन के एडीजी बनाए गए थे ।पंकज रिजवानी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा है कि इससे बेहतर कार्य और कोई नहीं हो सकता ।सेवक राम हेल्पिंग केक बैंक के संस्थापक पंकज रिजवानी का कहना है कि देश के इस पहले केक बैंक को स्थापित करने का सिर्फ एक मकसद है कि वह उन बच्चों के चेहरे पर खुशी लाए जिनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ है।

साथ ही अपने पिता के सपने को साकार करना से अच्छा कार्य कोई नहीं हो सकता ।पंकज बताते हैं कि एक फोन नंबर भी पोस्टर में जारी किया गया है और इसी नंबर के माध्यम से वह लोगों की मदद कर पाएंगे। आपको बता दे पंकज एक चर्चित समाजसेवी है, अपने व्यापार से समय निकाल कर के और पैसों की बचत करके उन्होंने इस कार्य की शुरूआत की है ।पंकज रिजवानी बीते 18 सालों से लोगों की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं और उनकी इस सेवा भाव को देखते हुए 36 आईएएस- आईपीएस पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव , केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी,, पूर्व राज्यपाल राम नाईक ,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व डीजीपी ओपी सिंह समेत कई नेताओं ने उनके कार्यों को सराहा है। पंकज को बड़ी उपलब्धि सन 2016 में मिली थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके कार्यों को लेकर शुभकामना संदेश फोन के माध्यम से भेजी थी । पंकज के इस सेवक राम हेल्पिंग केक बैंक में उनके कुछ साथियों का भी सहयोग है । रचित मलंग, हेमंत छाबड़ा और अंशु भी पंकज के साथ इस केक बैंक में अनोखी भूमिका निभा रहे हैं। पंकज रिजवानी की मां विद्या रिजवानी , पत्नी कसक और उनकी बेटियां अदा और चहक भी इस कार्य से बेहद खुश है।

# अगवा कर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती में 15 वर्षीय बालिका को अगवा कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी बेटी आठ नवंबर को गायब हो गई। आरोप लगाया कि वह मुर्तजा नाम के युवक से फोन पर बात करती थी। वह ही बहलाफुसलाकर उसे ले गया है।

12 नवंबर को पुलिस ने तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।इसके बाद सर्विलांस से पता चला कि आरोपी भदोही में है। जिसके बाद कुछ ही घंटों बाद एक टीम ने वहां पहुंचकर छात्रा को मुक्त कराया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बयान में पीड़िता ने बताया कि उसके साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। इस पर मुकदमे में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। पूरामुफ्ती एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट की अनुमति से जेल भेज दिया गया है।

### खेत जोतने पर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत जोतने के विवाद में एक को मारा पीटा गया । मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेनी हासिमपुर निवासी राम कृष्ण द्विवेदी पुत्र लाल जी का आरोप है कि वह अपना खेत जोत रहे थे तभी उनके विपक्षी आकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दिया गया। राम कृष्ण ने मऊआइमा थाने में अशोक कुमार पुत्र राम दुलारे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### ग्रामीण विकास इण्टर कालेज का वार्षिकोत्सव आज

**फूलपुर।** ग्रामीण विकास इण्टर कालेज महुलिया का वार्षिकोत्सव समारोह आज विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव समारोह में सदस्य विधान परिषद इलाहाबाद स्नातक झांसी खण्ड डा० मानसिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि तथा समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव श्याम लाल पाल व डॉ एस पी सिंह (निवर्तमान प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा) विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक कमला शंकर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बाल दिवस पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

# विद्युत विभाग के दफ्तर में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़, साथी कर्मचारी नामजद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जार्जटाउन स्थित विद्युत विभाग के दफ्तर में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि सहकर्मी ने उससे अश्लील हरकत की। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़िता गैरजनपद की रहने वाली है और विद्युत नगरीय निर्माण खंड प्रथम कार्यालय में तैनात है। उसका आरोप है कि सहकर्मी जीतेंद्र कुमार निवासी फतेहपुर आते-जाते उसका हाथ पकड़कर खींचता है। साथ ही गलत तरीके से हाथ लगाता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। 10 नवंबर की शाम 4.30 बजे वह टॉयलेट गई थी। तभी वह आया और खींचतान करते हुए उससे जबरदस्ती करने लगा। वह किसी तरह से शोर मचाकर वहां से भागी और तब जाकर उसकी जान बच सकी। पीड़िता ने जार्जटाउन थाने में तहरीर दी। उसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जार्जटाउन एसओ धीरेंद्र सिंह ने बताया कि नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### विभागीय अफसरों पर कार्रवाई न करने का आरोप

पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ काफी समय से छेड़छाड़ हो रही है। उसने कई बार इसकी शिकायत विभागीय अफसरों से की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह उसकी हत्या भी करा सकता है। उसे कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है। महिलाकर्मी शिकायत लेकर आई थी। जिसकी जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी में दो महिलाकर्मी व एसडीओ शामिल हैं। कमेटी जो भी रिपोर्ट देगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**– विनोद कुमार, अधीक्षण अभियंता, सर्किल प्रथम।**

# नैनी के कई स्कूल में जागरूकता अभियान नैनी पुलिस ने चलाया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित एवं क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह एवं एस एस आई अजय कुमार सिंह और थाना नैनी की ओर से चलाए जा रहे।

यातायात माह के तहत आज गंगोत्री नगर चौकी इंचार्ज उपेंद्र तिवारी अपने क्षेत्र सेम स्टार स्कूल में /एवं नैनी छिवकी चौकी इंचार्ज संदीप यादव अपने क्षेत्र सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना नैनी महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और यातायात नियमों के बारे में बताया



रेड सिग्नल पर रुकना और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल राइडिग न करें, और निर्धारित गति में वाहन चलाने और फोर व्हीलर गाड़ी में सीट बेल्ट का प्रयोग करें और शराब का सेवन करके वाहन न चलाने को लेकर प्रेरित किया। तथा बिना लाइसेंस गाड़ी ना चलाएं क्योंकि आपका जीवन आपके परिवार के लिए बहुमूल्य है जिसके प्रति आपको आपके परिवार को रोड पर गाड़ी चलाते समय हमेशा ध्यान रखने योग्य नियमो के बारे मे जानकारी दी गई । प्रयागराज पुलिस हमेशा आपके साथ हर समय हर घड़ी इस मौके पर आरक्षी अभिषेक अवस्थी एवं नैनी थाना एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल और अपनी टीम के साथ सौरभ नाथ प्रभात सिंह अंकित सिंह शुभम तिवारी नरेंद्र तिवारी पंकज यादव अंकित कनौजिया आकाश तिवारी सुशील शर्मा मौजूद रहे।

### गांजा तस्कर सहित दो गिरफ्तार

**हनुमानगंज।** सरायइनायत पुलिस ने रविवार को काफी समय से फरार चल रहे एक वांछित व एक गांजा तस्कर को एक किलो गांजा के साथ धर दबोचा। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार राय ने बताया कि अपराधियो के खिलाफ चल रही धर पकड़ में सरायइनायत थाने के दारोगा सुशील कुमार ने काफी समय से फरार चल रहे धरौली जुनेदपुर निवासी अजय कुमार उर्फ खाई पाई पुत्र दयाराम बिंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही दारोगा सालिक राम ने गस्त के दौरान पग्गल चौराहे के समीप से कुवाडीह निवासी सौरभ केशरवानी पुत्र अनिल कुमार केशरवानी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ।

# पासी समाज विवाह कल्याण द्वारा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** पासी समाज विवाह कल्याण समिति के बैनर तले सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में समिति विस्तार एवं बाल चित्रकला प्रतियोगिता एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं महाराजा बिजली पासी तथा वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि राम तीरथ परमहंस, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ व सोरांव विधायक गीता पासी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




रविवार को पासी समाज विवाह कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कवियों ने अपनी हास्य रचनाओं से उपस्थित लोगों को खूब हंसाया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल, पूर्व सांसद शैलेंद्र, बाबूलाल भंवरा, रामानंद भारती, पूर्व मंत्री बीपी सरोज, भगत लाल, राम सिंह, बहादुर सिंह रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन महामंत्री राम अभिलाष ने किया।

# नवोदित शिक्षा केंद्र में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

## पहले दिन प्रतिभागियों ने दौड़, खो-खो, ऊंची कूद, कबड्डी, रस्सी कूद में दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नवोदित शिक्षा केंद्र इंटर कालेज, शंकरगढ़ में शनिवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। पहले दिन बच्चों ने फरार्टा रेस, लंबी दौड़, खो-खो, ऊंची कूद, कबड्डी, रस्सी कूद आदि में अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने मां वीणापाणि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर प्रतियोगिता का आगाज किया।

इसके बाद बच्चों ने पीटी का प्रदर्शन किया।शनिवार से शुरू हुई तीन दिनी प्रतियोगिता के प्रथम दिन बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद व रस्सी कूद, रेस में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, भाला फेंक व गोला फेंक में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, अशोक त्रिपाठी, श्याम नारायण द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण वर्मा, कमलाकर सिंह, संदीप सिंह, अशोक त्रिपाठी, दीपक विश्वकर्मा, उत्तम



सिंह, पुष्पराज सिंह, विजय शंकर मिश्र, प्रदीप मिश्र, राजेश सिंह, आभा मिश्रा, कामिनी सिंह, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, कविता सिंह, अच्छे त्रिपाठी, शीला यादव, सोनाली सिंह आदि उपस्थित रहीं।

### दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा के लिए हुई बैठक

**घूरपुर।** क्षेत्र के खटगिया गांव स्थित कैलाश धाम मंदिर स्थल पर आगामी 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होने वाली दिव्य शिव शक्ति महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय गणमान्यों की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई । यज्ञ संयोजक आचार्य अभिषेक शुक्ल ने मौजूद लोगों से कथा यज्ञ को सफल बनाने के सहयोग की अपील की ।मौजूद गणमान्यों ने एक स्वर से यज्ञ को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की सहमति दी ।इस मौके पर जागृत कुमार पांडेय,वीरेंद्र शास्त्री,राजधर द्विवेदी,आदित्य नारायण शुक्ल,शीलू शुक्ल,बब्बन सिंह,सत्येंद्र प्रताप सिंह,अशोक तिवारी, शम्भू केसरवानी, अनिल पांडेय,भूपेंद्र पाठक,शनि सिंह,आशीष सोनकर प्रधान, अजय द्विवेदी, आलोक त्रिपाठी , आर के शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

# साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की उर्वरक चोरी कर ले गए

**मऊआइमा।** साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की खाद चोरी कर ले गए। सचिव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम टीटी अब्दालपुर हरिसेनगंज स्थित साधन सहकारी समिति का बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर ए पी एस खाद बोरी (2020013)मूल्य एक बोरी का तेरह सौ पचास रूपए कुल 57बोरी मूल्य पचास हजार तथा गेहूं का बीज लग भाग बीस हजार का सभी का मूल्य लगभग अस्सी हजार की चोर चोरी कर ले गए। सचिव यशवंत सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था।

# नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के एसोसिएट प्रोफेसर का इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चयन

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में प्राचीन इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर, प्राक्टर, निवर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ रमाकांत सिंह का चयन केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर हुआ है। डॉ रमाकांत के चयन पर नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय की अध्यक्षता में स्वागत एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय एवं विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास डॉ अरविंद कुमार राय द्वारा डॉ रमाकांत सिंह को सरस्वती प्रतिमा देकर उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना करते हुए नवीन जिम्मेदारी की शुभकामनाएं व बधाई दी। प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने कहा कि आपने प्राचीन इतिहास विभाग में निरंतर 22 वर्षों तक सेवा दिया तथा शिक्षण की नवीन तकनीकियों से विद्यार्थियों को हमेशा लाभान्वित किया ऐसे ही पूरे मनोयोग से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी उर्जा से लाभान्वित करें। आभार व्यक्त करते हुए डॉ रवि कुमार मिश्र ने कहा कि आपका योगदान प्राचीन इतिहास विभाग के विकास में अविस्मरणीय रहा है।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे सभी ने माल्यार्पण करके डॉ रमाकांत सिंह को बधाई देते विदाई किया।



# सुमन विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में बाल मेले का किया गया आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** में कॉलेज के प्रबंधक की तरफ से मेले का आयोजन किया गया सुमन विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के आचार्य सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मेले में बच्चों ने अपने अपने कक्षाओं के क्लास टीचर के साथ विभिन्न तरह के इंस्टॉल लगाते हैं इसके माध्यम से बच्चों पढ़ाई के साथ व्यापार करने की शिक्षा दी जाती है और मेले के आयोजन की बात करें तो जिस तरह कई महापुरुषों की जयंतिया मनाई जाती हैं उसी तरह पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस मेले का आयोजन करते हैं मेले में बच्चों का अलग ही एक्टिविटी देखने को मिलती है बच्चों ने मेले का खूब लुफ्त उठाया मेले में कई तरह के स्टाल लगाए गए हैं मोमोज फुलकी आइसक्रीम दम आलू कॉफी चाय गेम इन सब को देख बच्चों ने खूब इंजॉय किया ।

# संस्थापक दिवस पर सांसद प्रमोद तिवारी ने भारतीय मेधा की सफलताओं पर बढ़ाया उत्साह

## धूमधाम से मनाई गई पूर्व विधायक एवं शिक्षामनीषी पं0 राम अंजोर मिश्र की जयंती

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज में पूर्व विधायक एवं नगर के बहुगुणा पीजी कालेज समेत आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों के संस्थापक शिक्षा मनीषी पं0 राम अंजोर मिश्र की जयंती संस्थापक दिवस के रूप में सोल्लास मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने पं0 राम अंजोर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर भी पुष्पार्जन किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय मेधाओं के अदभुद ज्ञान भण्डार के चलते आज दुनिया में देश के ज्ञान-विज्ञान का परमचम लहरा रहा है। उन्होने मेधावियों से कड़ी मेहनत तथा लगन के साथ आधुनिक भारत के निर्माण में अपनी सर्वश्रेष्ठता को बनाये रखने का आवाहन किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं0 राम अजोर मिश्र ने शिक्षा तथा समाजसेवा के क्षेत्र में जो सिद्धांत व आदर्श के मूल्यों को विरासत में सौपा है, उसे आगे बढ़ाये रखने के लिए हमे संकल्पबद्व होना होगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शिक्षाविदों से भी पीढ़ी के निर्माण में अपने ज्ञान का सर्वस्व समर्पित करने का भी आवाहन किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज और देश का निर्माण मजबूती से जारी रखा जा सकता है। शिक्षक विधायक उमेश ने ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के ज्ञान और निरंतर उनकी सफलताओं को नये भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हास्य व्यंग, कौव्वाली, लोकगीत, भावनृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की वरिष्ठ साहित्यकार विशाल मूर्ति मिश्र व संगीताचार्य विनय शुक्ल के संयोजन में मनमोहन प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया।



पं0 राम अंजोर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद प्रमोद तिवारी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल ने स्वागत भाषण में शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यमुना प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान सासंद प्रमोद तिवारी एवं शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कमला नेहरू बालिका इंटर कालेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या नीलम ओझा को उत्कृष्ट सेवा काल के लिए सम्मानित किया। पण्डित जी के कनिष्ठ पुत्र डॉ0 वीरेन्द्र मिश्र तथा पौत्र डॉ0 सौरभ मिश्र, पुत्री रानी शुक्ला एवं पुत्रबधू डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, पीजी कालेज प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य बैजनाथ तिवारी, प्रधानाचार्या गीता त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, इं0 सुनील पाण्डेय, इं0 जीतेन्द्र त्रिपाठी, डॉ0 आरएस त्रिपाठी, डॉ0 श्रृचा सुकुमार ने भी शैक्षिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डॉ0 डीपी ओझा, पं0 रामफेर पाण्डेय, डॉ0 श्यामदुलारी सिंह, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, आदि रहे।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठे 1447 परीक्षार्थी

## शहर के दो परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा में 98 रहे अनुपस्थित



जीजीआईसी में परीक्षा देते परीक्षार्थीगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा शहर में राजकीय इंटर कालेज व राजकीय बालिका इंटर कालेज में रविवार को पूर्वान्ह दस बजे से एक बजे तक सम्पन्न हुईं। इसमें विज्ञान के छात्र-छात्राओं को एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया।

बताया जाता है कि राजकीय इंटर कालेज में 800 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 53 अनुपस्थित हो गये। केवल 747 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस राजकीय इंटर कालेज में परीक्षा का संयोजन प्रधानाचार्य राजकुमार ने किया। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या गरिमा श्रीवास्तव की देखरेख में उक्त परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इसमें कुल पंजीकृत 745 परीक्षार्थियों में से 45 अनुपस्थित रहे। जबकि 700 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार दोनों परीक्षा केन्द्रों पर कल 1545 पंजीकृत थे जिसमें 98 अनुपस्थित हो गये। कुल 1447 परीक्षार्थियों ने दोनों परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षाएं दी।

## हैप्पी टाइम स्कूल में नेत्र शिविर आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एसबीआई लाइफ मीरा भवन शाखा की ओर से शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें नेत्र चिकित्सक छात्र-छात्राओं का निःषुल्क परीक्षण करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने देते हुए बताया कि 14 नवम्बर को बाल दिवस (चिल्डेज्न डे) मनाया जाएगा जिसमें छोटे-छोटे बच्चे स्टाल लगाकर देष के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु का जन्मदिन मनाएंगे।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होगे सांसद प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्सभा सदस्य प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं चार बजे नगर के भभया नगर स्थिति शैलजा मंडप में आयोजित सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होगे। इसके बाद वह जागरा तथा नारायणपुर में भी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## सई नदी में मिला शव, हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के रामनगरकोल मुस्तफाबाद गांव में अज्ञात शव बरामद होने से हड़कम्प मच गया। गांव से पांच सौ मीटर दूरी पर रविवार दोपहर लगभग बारह बजे चरवाहों ने सई नदी में किसी अज्ञात युवक शव उतराया देखा तो अवाक रह गये। सूचना पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची । हालाकि शव का पहचान नही हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेजवाया। थाना प्रभारी रणविजय सिंह का कहना हैं शव लगभग तीन दिन पूर्व की होने की आशंका है। शव पर कई जगह धारदार निशान होने को लेकर लोगों में हत्याकर शव फेके जाने की चर्चा रही। मृतक का शव झिल्ली में बधा पाया गया। शव मिलने से इलाके में हड़कम्प का माहौल भी दिखा।

## अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में वृद्व के घायल होने पर पुलिस ने अज्ञात टैज्क्टर चालक के खिलाफ लापरवाही तथा नुकसान पहुंचाये जाने को लेकर शनिवार की रात केस दर्ज किया है। महेशगंज थाना के सराय स्वामी निवासी अकुंर त्रिपाठी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि चार नवम्बर को शाम सात बजे लालगंज कोतवाली के केशवपुर चैराहे के समीप अज्ञात टैज्क्टर की टक्कर में उसके पिता दिलीप त्रिपाठी गम्भीर रूप से चुटहिल हो गये। दुर्घटना में पीड़ित की बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से टैज्क्टर लेकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## सपा जिलाध्यक्ष ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव रविवार की शाम हिनाहू गाँव के सैफू का पुरवा में नारायण पांडे (84) वर्षीय के आकस्मिक निधन पर शोक सवेदना ब्यक्त करने पहुँचे और परिजनों को ढांढस बधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में हम आपके साथ है। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि मृतक के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे, यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर शोकाकुल परिवार के सुरेश पांडे पत्रकार, प्रदीप पांडे अश्वनी पांडे, प्रताप नारायण पांडे प्रियांशु पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## रंजिश में पड़ोसी आरोपियों ने गर्भवती महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश की वजह से दवा लेकर घर पर लौटी गर्भवती महिला को आधा दर्जन आरोपियों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर की किठौली गांव की रहने वाली नीलू देवी पत्नी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि वह दवा लेने के लिए पट्टी बाजार गई थी लौट कर आई तो रंजिश की वजह से उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर गाली देने लगे विरोध करने पर लात घूंसों से उसकी पिटाई कर दी उसने बताया कि उसके पेट में पल रहा बच्चा भी उससे प्रभावित हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो मुल्जिमान भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग खड़े हुए पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# योग, प्राणायाम और दुर्लभ औषधियों का संगम है आरोग्य दोहावलीः ओम नीरव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुस्तकें किसी समाज का प्रतिबिंब होने के साथ साथ सम्बन्धित साहित्य की जीवंतता,उसकी उपयोगिता,अर्थ एवं सन्दर्भो का का भी प्रमाण हुआ करती हैं।किताबें ऐसा आभूषण हैं जिनकी महत्ता कभी कम नही हो सकती।आरोग्य दोहावली में भी जिस साहित्य का समावेश रचनाकार द्वारा किया गया है निःसन्देह प्रणम्य है,सराहनीय है।

यह बातें नगर स्थिति बहुगुणा पीजी कालेज के सभागार में रविवार को अंजनी शुक्ल अमोघ द्वारा विरचित कृति आरोग्य दोहावली के विमोचन के अवसर पर देश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार ओम नीरव ने कहीं। उन्होंने आरोग्य दोहावली पर प्रकाश डालते हुए इसे पाठकों के लिए दिशाबोधक कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाशवाणी

### पुस्तक विमोचन के अवसर पर जुटे देश के नामचीन साहित्यकार




आरोग्य दोहावली पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण।

दूरदर्शन प्रयागराज के निदेशक लोकेश शुक्ल ने आरोग्य दोहावली को समाज के लिए विशेष हितकारी कहा है। विशिष्ट अतिथि अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद पाण्डेय,साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न,डॉ दुर्गा प्रसाद ओझा,कैलाश नाथ ओझा ,अर्जुन सिंह,अशोक टाटम्बरी, डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम ,वेद प्रकाश प्रचंड आचार्य शक्तिधर नाथ पाण्डेय, संगमलाल त्रिपाठी भवर, नरेन्द्र भूषण, डॉ0 ललित पाण्डेय, अर्जुन सिंह ने भी आरोग्य दोहावली की महत्ता पर सार्थक चर्चा रखी ।पुस्तक के रचयिता एवं ओज कवि अंजनी अमोघ ने आरोग्य दोहावली में वर्णित मुख्य दोहों को पढ़ते हुए उसकी सन्दर्भो को जन मानस के समक्ष रखा।चिकित्सा शिक्षा,योग ,विटामिन्स,औषधि,आहार से सम्बंधित जिन गूढ़ तत्वों का समावेश उन्होंने अपनी किताब में किया है उसको प्रस्तुत करते हुए कुछ अंशों का पाठ भी किया। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य केशरी नन्दन शुक्ल का भी मंच से अंगवस्त्रम सहित माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस मौके पर सूबेदार सिंह चैहान,देव मणि तिवारी, आचार्य राम अवधेश मिश्रा,डॉ शाहिदा, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रकाश चन्द्र मिश्र,केडी मिश्रा सहित तमाम समाजसेवियों का सारस्वत सम्मान किया गया। विमोचन के मौके पर ब्राह्मण स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ,रूलर्स बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल,डॉ शाहिदा,सुनील शुक्ला,डॉ ज्ञानेंद्र नाथ तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, हेमेन्द्र सिंह, विनय शुक्ल, राधेकृष्ण त्रिपाठी, आनन्द मोहन ओझा, भूपेंद्र तिवारी काजू, अमित शुक्ला, शिवांश शुक्ला, आशुतोष ओझा, जितेंद्र शुक्ला रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी से उ0नि0 सुरजीत सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के ढकवा मोड़ के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 346/22 धारा 304बी, 328, 304ए, 506 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में 01 वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार गौड़ पुत्र हरिनाथ गौड़ नि0 ग्राम भिवनी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

## अन्तामऊ व काशीपुर में हुई फागिंग

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा इन दिनों डेंगू मलेरिया जैसे घातक बीमारी से बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में दवा का छिड़काव का कड़े निर्देश जारी किया है, जिसके क्रम में ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने ग्राम पंचायत अन्तामऊ के ग्राम प्रधान गुड़िया देबी व काशीपुर ग्राम प्रधान रमेश कुमार पटेल को गाँव मे फांगिंग कराने का निर्देश दिया जिस पर दोनों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी आफताब आलम व सुशील कुमार जायसवाल ने शनिवार को ग्राम पंचायत के सभी पुरवा में ई रिक्शा पर मशीन को रखकर दवा का छिड़काव कराया जिससे ग्रामवासियो को राहत मिली और ग्रामवासियो ने अधिकारियों को धन्यवाद दिया।



काशीपुर गांव में फागिंग करते कर्मचारी।

## एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकाकर के अंतर्गत कोराली गाँव में रविवार को प्रमिला देवी पत्नी इंदल (27) वर्षीय को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई तभी गांव की आशा साधना देवी ने सुबह लगभग साढ़े 5 बजे 102 के एम्बुलेंस चालक को फोन किया। मौके पर पहुँची एम्बुलेंस यूपी 41 जी 3602 कोराली गांव पहुंची और प्रमिला देवी को लेकर सीएचसी कालाकांकर अस्पताल लिए रवाना हुई रास्ते में प्रमिला देवी को असहनीय प्रसव पीड़ा होने लगी तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन भइयालाल कुमार व पायलट वीरेंद्र ने एम्बुलेंस को सुरक्षित जगह पर खड़ी कर दिया और एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। प्रमिला ने लड़की को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव होने के बाद सीएचसी कालाकांकर में ले जाकर जच्चा बच्चा दोनो को भर्ती कराया जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। जच्चा बच्चा दोनो के स्वथ्य होने पर परिजनों ने एंबुलेंस टीम के चिकित्सकों व आशा बहु को धन्यवाद देते हुए प्रशंसा किया।

## अवैध तमन्चा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना देल्हूपुर से उ0नि0 राकेश चैरसिया मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र देल्हूपुर के मिलन चैराहा खरवई के पास से अभियुक्त नरुल हक उर्फ अक्के पुत्र जुमई नि0 खरवई थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 79/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# परियावां बाजार को टाउन एरिया घोषित करने की ब्यापारियों ने उठाई आवाज

## हीरागंज व डेरवा बाजार को मिल चुका है नगर पंचायत का दर्जा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों बडी आबादी वाले ग्रामीणांचल क्षेत्र में ग्राम पंचायतों को हाई फाई बनाने के लिए नगर पंचायत का दर्जा घोषित कर रही है जिसमें जनपद प्रतापगढ़ में हीरागंज बाजार व डेरवा बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया।

जब कि परियावां बाजार को टाउन एरिया का दर्जा दिलाने के किये कुछ माह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र व सांसद संगम लाल गुप्ता ने प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को 29 अगस्त 22 को प्राथर्ना पत्र दिया था। जिसमे परियावां बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए निवेदन किया है जिसमे ब्लाक कालाकांकर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत परियावां से सटे परसई, गौरी, गुलरहीबाग व मुरस्सापुर के परियावां लवाना सड़क के किनारे बसे भाग को शामिल कर लिया जाय तो परियावां नगर पंचायत का दर्जा की जनसंख्या पर्याप्त हो जाएगी। भाजपा कुसुवापुर मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्रा ने बताया कि हम लोग प्रयास में लगे हुए है क्योंकि परियावां बाजार नगर पंचायत बनने के लिए जनसख्या आस पास के ग्राम पंचायत को जोड़कर पूरा हो रही है जल्द ही मुख्यमंत्री परियावां बाजार को नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए जिला मुख्यालय से परिसीमन मंगा सकते हैं। परियावां बाजार को टाउन एरिया की सुबुगाहट होने से ब्यापारियों में खुशी की झलक दिखाई दे रही है और मुख्यमंत्री की घोषणा का इंतजार बड़ी बेसब्री से कर रहे है। परियावां बाजार के ब्यापारी विजय कुमार, गोपाल जी, गिरिजाशंकर अग्रहरि,सजन लाल अग्रहरि, गनेश अग्रहरि, पप्पू गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, आशीष जायसवाल, कमलेश कुमार अग्रवाल, भरतजी अग्रवाल, सोम सोनी, नवीन जायसवाल, बच्चन तिवारी,संतोष कुमार पांडेय, ननके पांडेय, प्रदीप जायसवाल, रिंकू अग्रहरि, सचिन जायसवाल आदि लोगो ने मुख्यमंत्री से जल्द परियावां बाजार को नगर पंचायत का दर्जा घोषित करने की मांग की है।

# भगवान के प्रति अनुराग से उदित होता है भाग्यफलः आचार्य

## पूरे गजई में आयोजित हुई श्रीमद्भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे गजई में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में श्रद्धालुओं को कथाश्रवण में आत्मविभोर देखा गया। कथाव्यास छोटी काशी राजातारा के आचार्य धीरेन्द्र पाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि भगवान के प्रति अनुराग का प्रतिफल मनुष्य के भाग्य के उदय के साथ सदैव उसके लौकिक जीवन को संवार दिया करता है।

उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा कलिकाल में उसी प्राणी को फलीभूत हुआ करती है जो निश्छल मन से भगवान की निष्काम आराधना किया करता है। निर्दोष को सताने वाले को ईश्वरीय दण्ड भी इतना कठोर मिला करता है कि अन्यायी की दुर्गति सौ जोजन के दण्ड से भी कठोरतम हो जाया करती है। मनुष्य को भी प्रत्येक स्त्री के प्रति यथा उम्र सम्मान की भावना सदैव संजोये रखनी चाहिए। वहीं हर दशा में नारी को पातिव्रत धर्म का कठोरता से निर्वहन करना चाहिए। कुलगुरू पं. धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने कृष्ण नाम के सुमधुर सुमिरन को जीवन का सबसे बड़ा सुख और पुण्य भी बतलाया। कथा के संयोजक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर संग्रामगढ़ के अध्यक्ष राजेशचंद्र पाण्डेय ने कथाव्यास आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी का रोली चंदन से अभिषेक किया। कथा के मुख्य यजमान समाजसेवी रामअनुज पाण्डेय तथा मिथिलेश पाण्डेय ने व्यासपीठ का वैदिक पूजन किया। सह संयोजक पंकज पाण्डेय तथा नीरज पाण्डेय व धीरज पाण्डेय ने महाप्रसाद वितरण का प्रबंधन किया। इस मौके पर संजय पाण्डेय, विजय पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, राजेश मिश्र, माता प्रसाद पाण्डेय, गुडडू द्विवेदी, सुधाकर पाण्डेय, आदि रहे।

## समझौता होने पर भी पर जान से मारने की मिल रही धमकी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन को करारनामा के अनुसार उसे अपने पड़ोसी के नाम स्थानांतरित करने के बावजूद भी आरोपी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पट्टी तहसील क्षेत्र के शेखपुर आधारगंज गांव का रहने वाला शुभम ने बताया कि उसके पिता के नाम गांव के दो व्यक्तियों ने अपनी आबादी की जमीन उनके नाम कर दिया था लेकिन अब शराब के नशे में जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में पति कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# लोक अदालत में 18,414 वादों का निस्तारण कर वसूले गए कुल 1,63,24,444 रुपए

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश द्वारा 02 वादों का निस्तारण किया गया, मोटर दावा दुर्घटना से संबंधित 27 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 67,75,000 रुपए दिलाए गए।प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 52 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया।अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा 07 वादों का निस्तारण कर 2500 रुपए अर्थदंड वसूला गया ,अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एस टी/द्वारा 02 वादों का निस्तारण किया गया,अपर जनपद न्यायाधीश षष्ठ द्वारा विद्युत अधिनियत के 206 वादों का निस्तारण किया गया एवम 2,26,000 रुपए की रिकवरी की गई।अपर जनपद न्यायाधीश नवम द्वारा 07 वादों का निस्तारण कर 3500 का अर्थदंड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा 02 वादों का निस्तारण कर 500 का अर्थदंड वसूल किया गया।अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया।वही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1367 फौजदारी वादों का निस्तारण कर कुल 7,04,580 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा कुल 87 वादों का निस्तारण कर 24,410 रुपए का अर्थदंड आरोपित करने के अतिरिक्त 28,80,876 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया।सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा 63 वादों का निस्तारण कर 2750 रुपए अर्थदंड वसूला गया,सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वारा कुल 232 वादों का निस्तारण कर 71,450 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 358 वादों का निस्तारण कर 34,810 का राठदंड वसूल किया गया।



लोक अदालत मे उपस्थित वादकारी।

इसी प्रकार सिविल जज जूनियर डिवीजन/त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 100 वादों का निस्तारण कर 15,100 रुपए का अर्थदंड वसूला गया तथा सिविल जज जूनियर डिवीजन/त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 195 वादों का निस्तारण कर 71,290 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 14,703 वादों एवम पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 253 वादों को निस्तारित कर 1,60,348 रुपए तत्काल जमा कराए गए।जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कौशाम्बी द्वारा कुल 05 वादों को निस्तारित कर 1,54,120 रुपए तत्काल जमा कराए गए। वही बैंक के ऋण वसूली 744 वादों का निस्तारण कर 80,78,086 रुपए तत्काल जमा कराए गए।इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18414 वादों का निस्तारण कर कुल 1,63,24,444 रुपए वसूला गया।तदोपरांत जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव आभा पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और लोक अदालत का समापन किया गया।इस दौरान मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष और महामंत्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिजली खंभे से गिरकर लाइनमैन की मौत

## पावर हाउस से सिट डाउन लेकर खंभे में चढ़ा था लाइनमैन बिना बताए शुरू कर दी गई बिजली सप्लाई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** खराब बिजली की समस्या को ठीक करने के लिए पावर हाउस से सिट डाउन लेकर लाइनमैन विद्युत खंभे में चढ़ा था लेकिन इसी बीच उसे बिना बताए पावर हाउस से विद्युत सप्लाई शुरू कर दी गई जिससे लाइनमैन विद्युत खंभे से झटका खा कर नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्युत संविदा कर्मी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना करारी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम की बताई जाती है।

घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के पवारा गांव के अशोक कुमार पुत्र अदालती बिजली विभाग में संविदा पर तैनात कर्मचारी है और विद्युत संविदा कर्मी शनिवार की शाम खराब बिजली व्यवस्था को ठीक करने महेंद्र गांव गए थे और पावर हाउस से सिट डाउन ले करके वह बिजली खंभे पर चढ़ गए विद्युत खंभे में चढ़कर वह खराब बिजली सप्लाई ठीक कर रहे थे इसी बीच बिना उन्हें सूचना लिए पावर हाउस से विद्युत सप्लाई शुरू कर दी गई है अचानक विद्युत करंट का झटका लग जाने से विद्युत संविदा कर्मी विद्युत खंभे से जमीन पर गिर पड़े विद्युत करंट का झटका और जमीन की चोट लग जाने से उनकी मौत हो गई है स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और विद्युत संविदा कर्मी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी जैसे ही विद्युत संविदा कर्मी के परिजनों को लगी परिवार में कोहराम मच गया है जिले में विद्युत खंभे से लाइन ठीक करने के समय बिना बताए बिजली सप्लाई चालू कर देने का यह कोई मामला नया नहीं है इसके पहले भी पावर हाउस के कर्मचारियों के कारनामे के चलते कई विद्युत संविदा कर्मियों की मौत हो चुकी है।

## रेप आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कटरी गांव में एक बालिका से रेप का आरोपी फरार चल रहा था थाना पुलिस ने रेप आरोपी दिनेश द्विवेदी पुत्र सालिगराम निवासी कटरी को गिरफ्तार किया और लिखापढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है।

## चोरी के वारन्टी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में चोरी का आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था जिस पर अदालत ने आरोपी के विरुद्ध वारंट जारी कर अदालत में हाजिर करने का निर्देश थाना पुलिस को दिया अदालत से वारन्ट मिलने के बाद पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त विकास पासी पुत्र सियाराम निवासी उजिहिनी आईमा गोदाम पर को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों ने खूनी संघर्ष

## जमकर चले लाठी डंडे, ईट पत्थर,कथित फायरिंग में एक छात्र को लगी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले के मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है,विवाद में जमकर लाठी डंडे और ईंट पत्थर चले और फायरिंग हुई है,फायरिंग में एक स्कूली छात्र को गोली लगी है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।विवाद और बवाल की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के राम सहाय पुर गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर रामकुमार तिवारी और राजकरण पांडेय रविवार की दोपहर आमने-सामने आ गए हैं दोनों पक्षों के दर्जनों लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए हैं दोनो पक्षों की तरफ से लाठी डंडे चलने लगे, सामान की तोड़फोड़ भी की गई है वही एक पक्ष ने फायरिंग कर दी,जिसमे कोचिंग से लौट रहे एक स्कूली छात्र को गोली लग गई,विवाद की सूचना पर कई थानों की भारी पुलिस फोर्स गांव पहुंच गयी है,मामला शांत करने में पुलिस जुटी हुई है।गोली से घायल स्कूली छात्र को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां छात्र का इलाज चल रहा है हालांकि थाना पुलिस फायरिंग की घटना को स्वीकार नहीं कर रही है घटना में कई लोगों को चोटे आई हैं खबर लिखे जाने तक उनका नाम पता नहीं मालूम हो सका है।

# आरपीएफ ने चार चोरों को गिरफ्तार कर बरामद किया रेलवे के चोरी का सामान

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** रेलवे स्टेशन और रेल लाइन के आसपास रेलवे की संपत्तियों को चोरी करने के गिरोह सक्रिय थे जानकारी मिलने पर भरवारी रेलवे स्टेशन आरपीएफ इंचार्ज सुरेंद्र पासवान ने चोर गिरोह के सदस्यों पर शिकंजा कसा रेलवे की संपत्तियों को चोरी करके ले जा रहे दो युवकों को सुजालपुर के पास से आरपीएफ पुलिस ने गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर रेलवे के चोरी की संपत्तियों को पुलिस ने कड़ा धाम की कबाड़ की दुकान से बरामद कर लिया है।



चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी।

आरपीएफ पुलिस ने रेलवे से चोरी कर रेल संपत्तियों को बेचने वाले गिरोह के सदस्यों में कबाड़ की दुकान के मालिक समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है आरपीएफ पुलिस ने कबाड़ के दुकानदार सुरेश प्रसाद पुत्र स्वर्गीय राजाराम अग्रहरि निवासी ग्राम सौराई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम मुख्य सरगना नूर खान पुत्र चुन्नू खान निवासी ग्राम सयारा थाना सैनी के साथ ज्ञानचंद पुत्र घनश्याम सरोज निवासी सायरा थाना सैनी और विनोद प्रजापति पुत्र परमेश्वर प्रजापति निवासी सायरा थाना सैनी को रेलवे के चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ लिखा पढ़ी कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है।

# शीतला माता की बरसी कृपा दंपत्ति के घर गूंजी किलकारी

## पुत्र की प्राप्ति होने पर दांडी पदयात्रा पिता पहुंचा मां शीतला के धाम

**अखंड भारत संदेश**

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कड़े वासिनी मां शीतला की महिमा न्यारी है जिस भक्त ने सच्चे मन से माता से जो भी मांगा है उसकी इच्छा मा शीतला ने जरूर पूरी की है मां के दरबार में भक्तों की प्रतिदिन भीड़ लगी रहती है संतान सुख से वंचित एक दंपत्ति ने मां शीतला के चरणों में नमन कर संतान सुख की मांग की थी जिस पर उनके घर के आंगन में किलकारी गूंजने लगी थाना कोखराज के मूरतगंज पक्का तालाब से मां शीतला धाम कड़ा दांडी पद यात्रा करते हुए भानू केशरवानी ने कहा कि मेरी कोई संतान नहीं थी पिछले 9 वर्ष पहले मां शीतला धाम में जाकर सिद्ध पीठ कड़े वासिनी माता शीतला से माता-पिता से मन्नत मांगी कि हे मां यदि मेरे घर में एक सन्तान का जन्म आपकी कृपा से हो जाए तो मैं अपने निवास से आपकी दरबार तक दांडी पद यात्रा करूंगा। मां कड़ा धाम शीतला मां की कृपा से भानु केशरवानी के घर में मन्नत के एक ही वर्ष में पुत्र की प्राप्ति हुई।जिसका नाम शाश्वत रखा।उसी के उपलक्ष्य में शनिवार को मूरतगंज पक्का तालाब से कड़ा धाम तक भानु केशरवानी दांडी यात्रा कर रहे है।



दाड़ी यात्रा करता भक्त।

# 16 नवंबर को कौशांबी में डिप्टी सीएम का आगमन

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 16 नवंबर को कौशांबी में आगमन हो रहा है वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे 16 नवंबर को दोपहर 12:45 बजे मां शीतला देवी अतिथि गृह में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक और संवाद करेंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के मीडिया प्रभारी भोले शंकर कुशवाहा के पिता स्वर्गीय बाबू लाल कुशवाहा के त्रयोदश कार्यक्रम मे गढ़ी बाजार पश्चिम शरीरा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होकर स्वर्गीय बाबूलाल कुशवाहा को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे उसके उपरांत आयोजित आत्मीय जनों के साथ भोजन में शामिल होंगे उक्त जानकारी उनके निजी सचिव प्रदीप कुमार वर्मा ने दी है

## एससी एसटी के वारंटी को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से मारपीट करने के मामले में मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्बावा पश्चिम गांव निवासी होटा नन्द पुत्र रामदास की गिरफ्तारी करने के लिए अदालत ने वारंट जारी कर मंझनपुर कोतवाली पुलिस को आरोपी को अदालत में हाजिर करने का निर्देश दिया था अदालत के निर्देश पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है

# अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ का आठवां राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न

## एबीआरएसएम के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु-कर्नाटक में शिक्षक समस्याओं का उठाया मुद्दा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ बेंगलुरू स्थित जनसेवा विद्या केंद्र में कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को किया।

रविवार को किया इसका समापन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी के संबोधन के पश्चात हुआ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अष्टम राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु-कर्नाटक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कौशांबी जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा जोर शोर से उठाया।अखिल भारतीय अधिवेशन में पूरे भारत देश के सभी प्रांतों से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षक एमएलसी चुनने हेतु मतदाता बनाने की मांग भी की गई।अधिवेशन में सातवें वेतन आयोग की विभिन्न विसंगतियों को दूर करने का प्रस्ताव पारित किया गया।इस अधिवेशन में जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी सहित मायापति त्रिपाठी,अश्वनी कुमार,भूपेंद्र कुमार सिंह,मिथिलेश गुप्ता,दीपक सिंह ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में बोलते ओम दत्त त्रिपाठी।



बैंक के कैम्प में उपस्थित अधिकारी और ग्राहक।

# जादूगर के माध्यम से किया गया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा कौशाम्बी की तरफ से इटैला में वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन शनिवार को किया गया है जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर बैंक की योजनाओं की जानकारी ली जादूगर के माध्यम से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लोगों को बताया गया इस मौके पर उपस्थित आम जनमानस को शाखा प्रबंधक ने बैंक के नियम कानून और योजनाओं के बारे में जानकारी दी है बैंक में खाता खोलने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया है सार्या सेवा समिति की प्रशिक्षिका नीतू चौबे द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा फसल सुरक्षा बीमा कृषि ऋण की सुविधा और उस पर ब्याज की जानकारी कैंप में उपस्थित लोगों को दी गई हैं कार्यक्रम के अवसर पर डीडीएम नाबार्ड अनिल शर्मा डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक शाखा सराय अकिल के प्रबंधक मदनलाल बैंक ऑफ बड़ौदा मंझनपुर के एफएलसी ईश्वरी प्रसाद अमित कुमार त्रिपाठी ग्राम प्रधान उस्मान अली पंचायत सहायक हर्षिका कुमारी राजीव कृष्ण विनोद कुमार त्रिभुवन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 414 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान के दौरान गलत पाए जाने पर विभिन्न थाना पुलिस ने 414 वाहनों के ईचालान किया है और 8 वाहनों से 4500 रुपए का जुमार्ना पुलिस द्वारा वसूला गया।

# राम जन्म के साथ रामलीला के मंचन की शुरूआत

## चित्तापुर रामलीला का आयोजन:राम जन्म, नारद मोहन और रावण तपस्या की लीला का हुआ मंचन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल के चित्तापुर गांव में स्थानीय आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में वर्षों पुरानी रामलीला का मंचन राम जन्म नारद मोह व रावण तपस्या की लीला के साथ गांव में अनेक वर्षों से गणेश चतुर्थी के बाद ही रामलीला का आयोजन शुरू किया जाता है। जिसमें इसी परंपरा के चलते नारद मोह, राम जन्मोत्सव की लीला के साथ इस वर्ष की राम लीला प्राम्भ की गई। जिसमें स्थानीय आदर्श रामलीला में स्थानीय कलाकारों के शानदार जीवंत अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं लीला में राम जन्म की खुशी में श्रद्धालु झूम उठे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

## आकाशवाणी से ऋषियों को आया चैन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** धरती पर रावण और उनके अनुयायी राक्षसों के अत्याचार से घरती कांपने लगती हैं। तब देव ऋषि आदि व्याकुल हो उठे। ऋषियों ने भगवान से प्रार्थना की। तब आकाशवाणी हुई अयोध्या में राजा दशरथ के यहां भगवान राम के रूप में जन्म लेंगे। जो विष्णु भगवान के अवतार होंगे।

## भगवान ने तोड़ा नारद मुनि का घमंड

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बीती रात रामलीला अध्यक्ष धुव्र कुमार द्विवेदी द्वारा विधि विधान वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर राम लीला का शुभारंभ कर दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा,मोती लाल विश्वकर्मा,शर्मा मिश्रा प्रभु नारायण मिश्रा राहुल द्विवेदी,अभिषेक मिश्रा, करुण मदान गणेश वंदना में शामिल हुए और स्थानीय रामलीला समिति ऐसे आयोजन के लिये समिति का प्रशंसा की जो भगवान राम के जीवन चरित्र को लोगों तक रामलीला के माध्यम से पंहुचा रहे हैं। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ, जिसमें देव ऋषि नारद की तपस्या करते हैं। इससे देवराज इंद्र का सिंहासन डोलने लगता है और वह कामदेव को बुलाकर नारद जी की तपस्या भंग करने भेजते हैं। भगवान कामदेव नृत्यांगना को ले जाकर उनकी तपस्या भंग करवाते हैं। जब नारद जी की तपस्या भंग नहीं होती तो उनको अपनी तपस्या का अभिमान हो जाता है। तब भगवान विष्णु नादर जी अभिमान तोड़ने के लिए लीला रचते हैं और मोहिनी रुप धारण कर उपहास उड़ाते हैं। जिससे नाराज होकर नारद जी भगवान को श्राप देते हैं, इसके बाद नारद जी भगवान की लीला समझ मे आती है।

## पिपरी पुलिस की गाड़ी से रात में होती है बालू ट्रकों से अवैध वसूली

**कौशाम्बी।** चायल सर्किल क्षेत्र के पिपरी थाना पुलिस अवैध वसूली में मस्त है पूरी रात पुलिस का वाहन सड़कों पर अवैध वाहनों से वसूली करता देखा जाता है रात में पुलिस हर चौराहे पर बालू ट्रकों से अवैध वसूली करती है पिपरी थाना प्रभारी की गाड़ी पूरी रात बालू के ओवरलोड अवैध ट्रकों को रोक रोक कर वसूली करती है सरायअकिल थाना तिलहापुर पुलिस चौकी और पिपरी थाना में वाहनों से अधिक वसूली हो रही है आखिर थाना पिपरी मे इस तरह की अवैध वसूली पर कब लगाम लगेगी नवागत पुलिस अधीक्षक के चार्ज लेते ही लोगों ने थाना पुलिस की अवैध वसूली की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# दो सूखे पेड़ का परमिट लेकर माफियाओं ने काट डाले दर्जनों हरे फलदार पेड़

## वन विभाग की मिलीभगत से सिराथू सर्किल क्षेत्र में हरियाली नष्ट कर रहे लकडकटे

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू सर्किल क्षेत्र में लकड़ी माफिया वन विभाग और थाना पुलिस पर भारी पड़ रहे हैं वन विभाग और पुलिस अवैध तरीके से फलदार हरे पेड़ों के कटान को नहीं रोक पा रही है जिससे लकड़ी माफिया बेखौफ तरीके से दिनदहाड़े हरे फलदार पेड़ को काटकर उसकी लकड़ियां उठा ले जा रहे हैं उसके बाद भी लकड़ी माफियाओं पर थाना पुलिस और वन विभाग के रेंजर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं सिराथू सर्किल क्षेत्र के घड़ियाली पुर गांव में दो सूखे पेड़ काटने के परमिट लेकर दर्जनों हरे फलदार पेड़ काटकर लकड़ी माफिया लकड़ी उठा ले जाने में सफल हो गए हैं।

सैनी कोतवाली के घड़ियाली पुर में लकड़ी माफियाओं ने वन विभाग के जिम्मेदारों की मदद से फलदार हरे लहलहाते दर्जनों पेड़ों को काटकर उठा ले गए है वहीं जिम्मेदार नोटों की चाशनी में डूबे हैं बताया जाता है कि दो सूखे पेड़ काटने के लिए वन विभाग से परमीशन लिया गया था लेकिन उसके बाद परमिशन को दरकिनार कर हरे फलदार एक दर्जन विशाल वृक्ष को लकड़ी माफियाओं ने गिरा दिया है बेखौफ तरीके से दिनदहाड़े दर्जनों हरे फलदार पेड़ की कटान लकड़ी माफिया मजदूरों को लगाकर करते रहे लेकिन वन विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने रहे पेड़ काटने के बाद लकड़ी माफिया बिना ट्रांजिट परमिट के पेड़ की लकड़ियां उठा ले गए हैं उसके बाद भी वन विभाग के अधिकारी अवैध कटान को रोकने नहीं पहुंच सके हैं बेखौफ तरीके से बिना परमिट दर्जनों हरे फलदार पेड़ काटे जाने के मामले में सिराथू सर्किल क्षेत्र के रेंजर और वन दरोगा की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं हालांकि थाना पुलिस भी मामले में पूरी तरह से लापरवाह बनी रही बीट के सिपाही और उप निरीक्षकों की भी भूमिका हरे पेड़ों के कटान में सवालों के घेरे में हैं इलाके के लोगों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हरे फलदार पेड़ों की कटान में लगे लकड़ी माफियाओं पर कठोर कार्यवाही कराए जाने के साथ-साथ लकड़ी माफियाओं से साठगांठ करने वाले रेंजर सिराथू वन दरोगा और थाना पुलिस पर भी विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

संपादकीय

## बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि कैसे सोचना है, न कि क्या सोचना है?

**बाल** दिवस आने ही वाला है, यह अपने बचपन की सुखद यादें लाता है। रद्दी किताबों, रंगों और शिल्प से लेकर कहानी की किताबें पढ़ना और सहपाठियों और दोस्तों के साथ उसी पर चर्चा करना। या शायद खेल के मैदान पर शाम को दोस्तों के साथ एक या दो खेल खेलना और स्कूल में पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए होमवर्क और पढ़ाई पूरी करने के लिए लौटना। लेकिन अब ये चीजें काफी बदल गई हैं। बच्चों के लिए स्कूल, ट्यूशन, अतिरिक्त कक्षाओं से लेकर व्यस्त कार्यक्रम है और हाथ में मोबाइल जीवन में सरल चीजों के साथ उनकी मासूमियत को पूरी तरह से दूर कर रहा है। आज के बच्चे भावी पीढ़ी बनने जा रहे हैं इसलिए उन्हें पढ़ाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए। मार्गरेट मीड द्वारा प्रसिद्ध कहावत "बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि कैसे सोचना है, न कि क्या सोचना है" को नवोन्मेषी दिमाग वाले बच्चों को बनाने के लिए अभ्यास में लाने की आवश्यकता है। शिक्षकों, शिक्षकों और माता-पिता को बच्चों को अपने लिए सोचने, उनकी रुचियों का पालन करने और उनकी जिज्ञासाओं को प्रेरित करने वाले विचारों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। बेंजामिन ग्रीन कहते हैं, "सबसे बड़ा अत्याचार हमारे बच्चों को एक ऐसी प्रणाली में शामिल करना है जो उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को महत्व नहीं देता है और न ही उनकी अद्वितीय क्षमताओं को प्रोत्साहित करता है।" अब जो शिक्षा प्रणाली प्रचलित है, वह चाहती है कि बच्चे उस तरह से सोचें जैसे दूसरे सोचते हैं और शिक्षा को और अधिक औद्योगीकृत बनाते हैं। यह केवल उन रोबोटों के मामले में काम करेगा जिन्हें उनके जीवन वाली क्रियाओं के बारे में प्रोग्राम किया गया है। बच्चों की अनूठी प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए सबसे पहले इसे बदलना होगा। बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को महत्व देना होगा और उनकी अद्वितीय क्षमताओं को प्रोत्साहित करना होगा। एक बच्चे को अपने दम पर सीखना, भूलना और फिर से सीखना सिखाया जाना चाहिए। अवधारणा को याद करने और उसे उजागर करने से बच्चों की सोचने की क्षमता नष्ट हो जाएगी, बल्कि अवधारणा को समझने और सार्थक सामग्री का निर्माण करने से उनकी सोचने की क्षमता में वृद्धि होगी। तार्किक सोच, आलोचनात्मक सोच और तर्क ऐसे कौशल हैं जिन्हें बच्चों में कम उम्र में ही विकसित करने की आवश्यकता है। बच्चों को उनकी ताकत और कमजोरियों का एहसास कराना माता-पिता और शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। बच्चों की जिज्ञासा को जगाना और उन्हें विभिन्न आयामों में स्वयं सोचने में सक्षम बनाना।

## पुस्तकालय नजरअंदाज तो कैसे हो शिक्षित समाज का विकास

प्रीतम

**जगत** में पुस्तकालय पाठकों के लिए ज्ञान रूपी सागर है, आज पुस्तकालय बिना शिक्षा और सभ्य समाज की कल्पना हो ही नहीं सकती है। पुस्तकालय का हम सभी के जीवन में अमूल्य योगदान है। जीवन के हर मोड़ पर, हर मुश्किल में पुस्तकें मनुष्य का साथ सच्चे मित्र की भांति निभाते है, यह तब भी हमारे साथ होते है जब कोई हमारा साथ नहीं देता है। जिसने जीवन में पुस्तकालय के मोल को नहीं समझा, समझो कि उसने बेहतर जीवन ही नहीं जिया है। पुस्तकालय पाठकों के जीवन को सरल, सुगम, उज्जवल और प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए सतत प्रेरित कर-के बेहतर मार्ग प्रशस्त करते है। दुनिया भर में पुस्तकालयों का जाल फैला हुआ है, पुस्तकालयों के विकास के लिए सबसे आवश्यक तज्ञ कर्मचारी वर्ग, योग्य पाठ्य सामग्री और पर्याप्त निधि के साथ उत्कृष्ट व्यवस्थापन होता है। विकसित पुस्तकालय ही बेहतर सेवाएं पाठकों तक पहुंचा कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते है। पुस्तकालय तो शिक्षा केंद्र के मुख्य ज्ञान के स्त्रोत के रूप में जाने जाते है। देश में हर साल 14 - 20 नवंबर को "राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह" बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। आज अत्याधुनिक पुस्तकालय हमारे मोबाइल में समाहित हो चुके है, एक क्लिक पर हमे दुनिया भर के पुस्तकालय में सहज पहुंच मिलती है। देश में पुस्तकालयों की स्थिति की वास्तविकता :- विदेशों की भांति हमारे देश में भी पुस्तकालयों की तस्वीर काफी बदली है। देश के आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे शिक्षा संस्थानों के पुस्तकालय विश्वस्तरीय नजर आते है। बहुत से निजी शिक्षा संस्थान भी पुस्तकालयों के विकास पर विशेष ध्यान देते है। आज के युग में पैसे को अधिक महत्त्व दिया जाता है एव पुस्तकालय धनोपार्जन का केंद्र नहीं है, इसलिए शायद इसके महत्त्व को कमतर आंका जाता है। आज देश में बड़ी मात्रा में अनेक पुस्तकालय अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। आर्थिक तंगी और कुशल कर्मचारियों की कमी से पुस्तकालय नाममात्र रह गए है। कई पुस्तकालय में सेवाओं के रूप में सिर्फ कुछ अखबार पढ़ने मिलते है, तो कई पुस्तकालयों में बेहतर रखरखाव की कमी के कारण बहुमूल्य पाठ्य साहित्य भंडार खराब हो रहे है। कई पुस्तकालयों की इमारत जीर्ण अवस्था से खंडहर बन चुकी है, तो कई पुस्तकालय तज्ञ कर्मचारियों की कमी के चलते बदहाल पड़ी है। कई पुस्तकालयों में कुर्सी, मेज, अलमारी, खिड़की, दरवाजे तक टूटे हुए अवस्था में नजर आते है। कई पुस्तकालयों की दीवारों में दरारे पड़ी है, तो कई पुस्तकालय में बारिश में छत से पानी टपकता है। कुशल कर्मचारियों की कमी पुस्तकालय को दिशाहीन बना रही है, कई बड़े-बड़े पुस्तकालय चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के भरोसे ही चल रहे है। अनेक राज्यों के सार्वजनिक पुस्तकालय, शाला-महाविद्यालय, विश्वविद्यालय या अन्य सरकारी क्षेत्र के पुस्तकालयों में साल नहीं अपितु कई दशक गुजर चुके है तज्ञ कुशल कर्मचारियों की भर्ती हुए। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार विभाग या प्रशासन पुस्तकालयों का महत्व नहीं समझते, महत्व समझकर आश्वासन देते है कि निधि उपलब्धता और तज्ञ कर्मचारी भर्ती जल्द की जाएगी।

# सावधान: जनसंख्या वृद्धि के शिखर की ओर अग्रसर

प्रेम शर्मा



**आबादी** बढ़ने के साथ घटते संसाधन और बढ़ती बेरोजगारी देश में कई आसन्न समस्याओं को जन्म दे रही है। इससे विकास की राह में बाधाएं आ रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की तमाम परिवार नियोजन योजनाओं, अभियानों और स्वयंसेवी संगठनों की सशक्त भूमिका के बावजूद भारत में जनसंख्या वृद्धि की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा गत दिवस जारी जनसंख्या रिपोर्ट के मुताबिक भारत अगले वर्ष चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश हो जाएगा। इसके ठीक विपरीत अगर बीते मार्च में जारी भारत को विश्व प्रसन्नता सूची में 136वां स्थान मिला है। जबकि वर्ष 2021 में भारत 139वें पायदान पर था. इस साल की रिपोर्ट में यूरोपीय देश फिनलैंड को खुश रहने के मामले में सभी देशों से आगे बताया गया था। खुशहाल देशों में फिनलैंड, डेनमार्क, नोर्वे, आइस लेंड, नेदरलैंड, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, न्यूजीलैंड लगातार इसी लिए अव्वल है कि यहाँ जनसंख्या नियंत्रण में है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि भारत शीघ्र ही जनसंख्या के टाप और संसाधनों में हाफ होगा।जनसंख्या की लगातार वृद्धि ने आज विकास के लक्ष्यों को बेअसर कर दिया है। मालथस का सिद्धान्त कहता है कि पृथ्वी में पोषण क्षमता सीमित है। अतरू प्राकृतिक पारिस्थितिकी के पुनर्भरण की क्षमता के मध्य इसका सन्तुलित उपभोग करने पर ही पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन तथा पर्यावरण को लम्बे समय तक टिकाऊ रखा जा सकता है अन्यथा जनसंख्या की बेतहाशा वृद्धि प्रकृति के विनाश का कारण बन सकती है। आज विश्व की बढ़ती हुई आबादी की मांग की पूर्ति के लिए जिस तरह प्रकृति के नियमों को दरकिनार कर तीव्र गति से औद्योगिकरण, शहरीकरण व मशीनीकरण के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का अन्धाधुन्ध दोहन हो रहा है उसी का परिणाम है कि हमारी सारी नदियां सूखती जा रही हैं। समुद्र प्रदूषित हो रहा है। जल, जंगल और जमीन घटते जा रहे हैं। कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे पर विश्वव्यापी बहस छिड़ गई है। रोजगार के मामले में जनसंख्या वृद्धि सबसे घातक साबित हो रहा है।

> जीवन निर्वाह के सभी मूलभूत प्राकृतिक संसाधन और घट जाएंगे, पर्यावरण और अधिक प्रदूषित हो जाएगा तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी विकास की पूर्ण क्षमता होने के बावजूद मनुष्य के जीवन पोषण की पारिस्थिकी को बचाया नहीं जा सकेगा। जनसंख्या का नियन्त्रण हो तथा लोगों में इस बात की शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो कि हमारे प्राकृतिक संसाधन जल, भूमि, ऊर्जा, खनिज आदि सीमित हैं

दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मानवता के लिए अगला सप्ताह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अगले सप्ताह दुनिया की आबादी 8 अरब को पार कर जाएगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या प्रभाग ने कहा कि आने वाले दशकों में भी जनसंख्या वृद्धि जारी रहेगी। जीवन प्रत्याशा 2050 तक बढ़ कर औसतन 77.2 वर्ष हो जाएगी। 15 नवंबर तक पृथ्वी पर इंसानों की आबादी 8 अरब हो जाएगी, जो 1950 में 2.5 अरब की संख्या का तीन गुना है।संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के रेचल स्नो ने कहा जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ-साथ बच्चे पैदा करने की की उम्र में लोगों की संख्या देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने भविष्यवाणी की है कि दुनिया की आबादी 2030 में लगभग 8.5 अरब हो जाएगी। 2050 तक जनसंख्या के 9.7 अरब होने और 2080 के दशक में 10.4 अरब होने की संभावना बढ़ेगी। 1960 के दशक में आबादी बढ़ने की रफ्तार अपने चरम पर थी जो 2020 में नाटकीय रूप से 1 फीसदी तक नीचे आ गई है।संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक प्रजनन दर में लगातार गिरावट हो रही है, जिसके कारण यह आंकड़ा संभावित रूप से 2050 तक लगभग 0.5 फीसदी तक गिर जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2021 में औसतन प्रजनन दर एक महिला के जीवनकाल में 2.3 बच्चों की थी जो 1950 में लगभग पांच से कम थी। वहीं अगर इसके भविष्य की बात करें तो अनुमान है कि 2050 तक ये 2.1 हो जाएगी। दुनिया की आबादी बढ़ाने में जीवन प्रत्याशा का भी एक महत्वपूर्ण रोल है। इसमें लगातार वृद्धि जारी है। 2019 में जीवन प्रत्याशा 72.8 वर्ष थी जो 1990 की तुलना में 9 वर्ष ज्यादा है। संयुक्त राष्ट्र की भविष्यवाणी है कि 2050 तक जीवन प्रत्याशी 77.2 वर्ष होगी।कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्रीय जनसांख्यिकी में अंतर आगे चलकर जियोपॉलिटिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बदलते रुझान के एक अन्य उदाहरण में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले दो देश अपनी-अपनी जगह आपस में बदलेंगे। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2023 की शुरूआत में भारत आबादी में पहले नंबर पर पहुंच जाएगा और चीन दूसरे नंबर पर होगा। चीन की आबादी 1.4 अरब है जो 2050 तक कम होकर 1.3 अरब पहुंच जाएगी। आंकड़ा यह भी कहता है कि सदी के अंत तक चीन की आबादी 80 करोड़ पहुंच सकती है। विश्व की 16.87 प्रतिशत जनसंख्या भारतीय भू-भाग पर निवास करती है। जनसंख्या का यह प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है परन्तु दूसरी ओर भूमि का भाग स्थिर है। अतरू प्रति व्यक्ति भूमि की उपलब्धता घट रही है। भारत की लगभग 75 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है जिसकी आजीविका खेती, चारागाह तथा वनोत्पादन जैसे प्राथमिक व्यवसाय पर निर्भर है। आजादी के बाद सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से खेती की उन्नति के कई प्रयास किए। सिंचाई के साधनों का विकास किया तथा भूमि सुधार के माध्यम से खेती योग्य भूमि में भी विस्तार किया। फलस्वरूप सन् 1951 में जहां देश के कुल भौगोलिक भू-भाग का 36.20 प्रतिशत भाग खेती के योग्य था वह सन् 2001 में बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया। इसमें सिंचित क्षेत्र जहां 1951 में 17.75 प्रतिशत था वह सन् 2001 में 40.52 प्रतिशत हो गया परन्तु इस विकास व विस्तार का अपेक्षित लाभ नहीं मिला। जनसंख्या में प्रति व्यक्ति हिस्सेदारी में भूमि में कमी होती गई। जनसंख्या वृद्धि के कारण ग्रामीण जीवन के जीविकोपार्जन के मूलभूत संसाधन घटते चले जा रहे हैं। यही स्थिति जल, ऊर्जा तथा अन्य खनिज संसाधनों की है।इन सब प्रयासों के बावजूद भी जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर अपेक्षा से अधिक ही रही। भविष्य में भारत में जनसंख्या वृद्धि की दर यही रहती है तो वह दिन दूर नहीं जब आम आदमी के जीवनयापन के लिए न्यूनतम साधन उपलब्ध कराना भी कठिन हो जाएगा। जीवन निर्वाह के सभी मूलभूत प्राकृतिक संसाधन और घट जाएंगे, पर्यावरण और अधिक प्रदूषित हो जाएगा तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी विकास की पूर्ण क्षमता होने के बावजूद मनुष्य के जीवन पोषण की पारिस्थिकी को बचाया नहीं जा सकेगा। अतरू आवश्यकता इस बात की है कि जनसंख्या का नियन्त्रण हो तथा लोगों में इस बात की शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो कि हमारे प्राकृतिक संसाधन जल, भूमि, ऊर्जा, खनिज आदि सीमित हैं तथा यह असीमित जनसंख्या का पोषण नहीं कर सकते। साथ ही प्राकृतिक संसाधन के संवर्द्धन तथा संरक्षण की भी ठोस योजना पर कार्य होना चाहिए।

# जानलेवा बनता जा रहा है मधुमेह रोग

रमेश सर्राफ धमोरा

**मधुमेह** रोग आज के समय की सबसे विकट समस्या हैं। जिसने पूरी दुनियां में अपना आतंक फैला रखा हैं। मधुमेह पर नियंत्रण तो किया जा सकता हैं। पर इसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। मधुमेह को अगर नियंत्रित ना किया जाये तो इसका असर किडनी, आंख, हृदय तथा ब्लड प्रेशर पर पड़ता हैं। मधुमेह की बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर या ब्लड ग्लुकोज की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसा तब होता है जब शरीर में होरमोन इन्सुलिन की कमी हो जाती है या वो इन्सुलिन हमारे शरीर के साथ सही ताल मेल नहीं बैठा पाते हैं। मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस की शुरूआत की गई। 1991 वह साल था जब विश्व में सभी का ध्यान इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप पर गया। लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी। दुनिया के अधिकतर देशो में 14 नवम्बर को प्रतिवर्ष विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। मधुमेह रोग के कारण एवं इसके विभिन्न पहलुओं को समझने हेतु कई लोग प्रयासरत थे। इनमें से एक जोड़ी फ्रेंडरिक बैटिंग एवं चार्ल्स बेस्ट की भी थी। जो पैनक्रियाज ग्रन्थि द्वारा स्त्रावित तत्त्व के रसायनिक संरचना की खोज में लगे हुए थे। इस तत्त्व को अलग कर उन्होंने अक्टूबर 1921 में प्रदर्शित किया कि यह तत्त्व शरीर में ग्लूकोज का निस्तारण करने में अहम भूमिका निभाता है और इसकी कमी होने से मधुमेह रोग हो जाता है। इस तत्त्व को इंसुलिन का नाम दिया गया। इसकी खोज मधुमेह के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इस कार्य हेतु उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 14 नवम्बर को फ्रेडरिक बैटिंग का जन्म दिवस है। अतः विश्व मधुमेह दिवस हेतु इस तिथि का चयन किया गया। फ्रेडरिक बेटिंग के योगदान को याद रखने के लिए इंटरनेशनल डायबेटिक फेडरेशन द्वारा 14 नवम्बर को दुनिया के 140 देशों में मधुमेह दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ के सतत प्रयास के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने अन्ततः मधुमेह की चुनौती को स्वीकारा और दिसम्बर 2006 में इसे अपने स्वास्थ कायक्रमों की सूची में शामिल किया। सन् 2007 से अब यह संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के सूची में शामिल होने का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि अब संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देश अपनी स्वास्थ्य सम्बंधी नीति-निर्धारण में इसे महत्त्व दे रहें हैं। 2007 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस को अंगीकार करने के बाद इस का प्रतीक चिह्न नीला छल्ला चुना गया है। छल्ला या वृत्त निरंतरता का प्रतीक है। वृत्त इस बात का प्रतीक है विश्व के सभी लोग इस पर काबू पाने के लिये एकजुट हों। नीला रंग आकाश, सहयोग और व्यापकता का प्रतीक है। इस प्रतीक चिह्न के साथ मधुमेह के लिए एकजुटता सूत्र वाक्य दिया गया है। भारत को मधुमेह की राजधानी कहा जाता है। खानपान की खराबी और शारीरिक श्रम की कमी के कारण पिछले दशक में मधुमेह होने की दर दुनिया के हर देश में बढ़ी है। भारत में इसका सबसे विकृत स्वरूप उभरा है जो बहुत भयावह है। जीवनशैली में अनियमितता मधुमेह का बड़ा कारण है। एक दशक पहले भारत में मधुमेह होने की औसत उम्र चालीस साल की थी जो अब घट कर 25 से 30 साल हो चुकी है। 15 साल के बाद ही बड़ी संख्या में लोगों को मधुमेह का रोग होने लगा है। कम उम्र में इस बीमारी के होने का सीधा मतलब है कि चालीस की उम्र आते-आते भारत में 1995 में मधुमेह रोगियों की संख्या 1 करोड़ 90 लाख थी जो 2008 में बढकर चार करोड़ हो गई है। अनुमान है कि 2030 में मधुमेह रोगियों की संख्या आठ करोड़ के आसपास हो जाएगी। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (आईडीएफ) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मधुमेह दिवस के मौके पर बताया है कि दुनियाभर में औसतन 40 लाख मधुमेह मरीजों की मौत हर साल होती है। हालांकि वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के दौर में 67 लाख मधुमेह रोगियों की मौत हुयी थी। जिसने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया है कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों को मधुमेह की आशंका अधिक होती है। विशेषज्ञो का मानना है कि अगर मधुमेह रोग इसी दर से बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में भारत मधुमेह की दृष्टि से चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की राजधानी बन जाएगा। समय रहते नहीं चेते तो स्थिति भयावह होगी। डॉक्टरों के अनुसार पांच में से दो महिलाएं गर्भावस्था के दौरान रक्त में शुगर का स्तर बढने से पीड़ित होती हैं। अगर गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज को नियंत्रित नहीं किया गया तो पैदा होने वाले शिशु साइज में बड़े और वजन 3.5 किलो से अधिक होता है। उनमें मधुमेह, हृदय रोग का खतरा दस गुना बढ़ जाता है। इसी वजह से मधुमेह महामारी बनती जा रही है। बदलती जीवन शैली और ठोस, उच्च ऊर्जा युक्त भोजन की प्रचुरता के कारण बच्चों में मोटापे की प्रवृत्ति इधर बहुत तेजी से बढ़ रही है। भारत में किये गये एक सर्वेक्षण में 13 से 18 वर्ष के बच्चो में 18 प्रतिशत में मोटापा पाया गया। बच्चों में बढ़ते मोटापे की प्रवृत्ति एवं शारीरिक श्रम में कमी के कारण अब मधुमेह से पीड़ित बच्चे भी बड़ी संख्या में देखने को मिल रहें हैं। गलत खानपान एवं आलसी जीवन शैली के कारण दिन-प्रतिदिन कम उम्र के लोगों में यह बीमारी हो रही है। भारत में मधुमेह रोग पर गौर करे तो इसके अधिकतर केस शहरी क्षेत्र से ही आते हैं। गांवों में इसके रोगियों की संख्या बेहद कम रही हैं जो अब बेहताशा रूप से बढ़ रही हैं। इस रोग के प्रभावों पर गौर करे तो आने वाले समय में यह भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या का रूप ले सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा था कि कभी विलासितापूर्ण जीवन जीने वालों को होने की वजह से राज-रोग कहलाने वाला मधुमेह आज जीवन शैली से जुड़ी बीमारी बन चुका है जिससे बचाव के लिए लोगों को अपनी दिनचर्या में योग एवं व्यायाम को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले जो बीमारिया बड़ी उम्र में जीवन के अंतिम पड़ाव के आस-पास होती थी। वह आजकल बच्चों में भी दिखने लगी हैं। बच्चों में मधुमेह सुनकर आश्चर्य होता है। प्रधानमंत्री ने कहा पहले ऐसे रोगों को राज-रोग कहा जाता था क्योंकि ऐसी बीमारिया केवल संपन्न लोगों को ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जीने वालों को ही होती थीं। लेकिन आज हमारी जीवन शैली बदल गयी है। इन बीमारियों को लाइफ-स्टाइल डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है। शारीरिक श्रम में कमी और खान-पान में बदलाव को कम उम्र में इन बीमारियों की वजह बताते हुए चिकित्सकों का कहना है कि परिजन जागरूकता के साथ यह सुनिश्चित करें कि बच्चे खुले मैदानों में खेलें। संभव हो तो परिवार के बड़े लोग भी बच्चों के साथ खुले में जाकर कर खेलें। बच्चों को लिफ्ट की बजाय सीढियां चढने की आदत डालें। रात में भोजन के बाद टहलने की कोशिश करें। योग को दिनचर्या का हिस्सा बनायें। योग स्वस्थ जीवनशैली बनाये रखने और इससे संबंधी बीमारियों से बचाने में बहुत मददगार साबित होता है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# सत्ता का 'अपराध बोध' नहीं मनाने देता नोटबंदी की वर्षगांठ

तनवीर जाफरी

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले दिनों पोर्टल, टैक्स इंडिया ऑनलाइन द्वारा आयोजित टी आई ओ एल अवार्डस 2022 को संबोधित करते हुये देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि-' वर्ष 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों ने भारत को एक नई दिशा दिखाने का काम किया। देश इन आर्थिक सुधारों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का आभारी है। गडकरी ने यहां तक कहा कि देश आर्थिक सुधारों के लिए मनमोहन सिंह का ऋणी है। मोदी सरकार में अपने मंत्रालय संबंधी कामकाज का तुलनात्मक रूप से बेहतर 'ट्रैक रिकॉर्ड ' रखने वाले गडकरी ने मनमोहन सिंह की प्रशंसा इसलिये नहीं की कि वे सज्जन पुरुष हैं या कांग्रेस के सीनियर नेता या पूर्व में प्रधानमंत्री रहे हैं। बल्कि उन्होंने डॉ सिंह की प्रशंसा उनकी दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के चलते की,एक अर्थ शास्त्री के रूप में उनकी काबलियत की वजह से की। यहां यह बताना भी जरूरी है कि भाजपा के ही अनेक नेता व प्रवक्ता डॉ मनमोहन सिंह की काबिलियत का अक्सर मजाक उड़ाते रहते हैं खासकर वे 'भक्त ' प्रवृति के नेता जिन्हें अर्थ शास्त्र का 'अ ' भी नहीं पता। बहरहाल, आज से ठीक छः वर्ष पूर्व 8 नवंबर, 2016 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अचानक नोटबंदी की घोषणा करते हुये उस समय चलन में रहने वाली एक हजार और पांच सौ की नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी उस समय इन्हीं डॉ मनमोहन सिंह ने गडकरी के अनुसार जिनका -'देश आर्थिक सुधारों के लिए ऋणी है',ने नोटबंदी की घोषणा के बाद समय समय पर अपनी जो प्रतिक्रयाएं दी थीं आज उन्हें भी याद किये जाने की जरुरत है। डॉ सिंह ने 8 नवंबर यानी नोटबंदी के दिन को देश की अर्थव्यवस्था के लिए काला दिन बताया था। उन्होंने नोटबंदी को सरकार की सबसे बड़ी भूल और एक संगठित और वैधानिक लूट बताया था।इसे पूरी तरह असफल बताते हुये कहा था कि -'8 नवंबर देश की अर्थव्यवस्था के लिए तो काला दिन था ही, यह लोकतंत्र के लिए भी एक काला दिन था।' उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया में एक भी देश ऐसा नहीं है जिसने ऐसा विनाशकारी कदम उठाया हो जिसमें 86 प्रतिशत करंसी का सफाया हो जाए। डॉ सिंह ने नोटबंदी की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था में आई दिक़्क़तों की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा था कि- 'अक्सर ऐसा कहा जाता है कि वक़्त सभी जख़्मों को भर देता है लेकिन नोटबंदी के जख़्म दिन-ब-दिन और गहरे होते जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि नोटबंदी का कोई भी मकसद पूरा नहीं हो पाया है। डॉ सिंह ने नोटबंदी की दूसरी 'पुण्य तिथि पर यह भी कहा था कि "आज का दिन यह याद करने का दिन है कि आर्थिक नीतियों को त्रुटिपूर्ण तरीके से लागू करने पर देश को लंबे समय तक इसके कहर को झेलना पड़ता है और यह समझना भी आवश्यक है कि आर्थिक नीतियों का निर्माण सोच-समझकर और सावधानी पूर्वक तरीके से करना चाहिए।' उन्होंने नोटबंदी को एक आर्थिक विपदा बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि 'नोटबंदी ने हर व्यक्ति को प्रभावित किया, चाहे वह किसी भी उम्र , किसी भी लैंगिक समूह, किसी पेशे या किसी भी धर्म,जाति या संप्रदाय का हो।' उपरोक्त प्रतिक्रियाओं के अतिरिक्त नोटबंदी के दुष्परिणाम संबंधी और भी अनेक बातें न केवल विश्व के इस महान अर्थ शास्त्री ने की थीं बल्कि देश के और भी कई अर्थशास्त्रियों,पूर्व वित्त मंत्रियों,नोबल विजेताओं,रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर्स आदि ने भी कही थीं। दूसरी ओर सरकार थी जो नोटबंदी की शान में तरह तरह के निरर्थक कसीदे पढ़े जा रही थी।

प्रधानमंत्री सहित सभी सत्ताधारी विभिन्न मंचों से नोटबंदी के तरह तरह के फायदे गिना रहे थे। नोटबंदी की घोषणा के बाद 27 नवंबर, 2016 को हुये 'मन की बात' के पहले में प्रसारण में प्रधानमंत्री ने नोटबंदी को 'कैशलेस इकॉनमी' के लिए आवश्यक कदम बताया था। परन्तु रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आज लोगों के पास पहले से कहीं अधिक कैश मौजूद है। यही नोटबंदी थी जिसकी लाइनों में लगकर लगभग डेढ़ सौ लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे थे। इसी का दुष्प्रभाव था कि लगभग 15 करोड़ दिहाड़ी मजदूरों के काम धंधे बंद हो गये थे और छोटे बड़े हजारों उद्योग धंधे बंद हो गए थे। इतना ही नहीं बल्कि उस समय लाखों लोगों को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ा था। आज डॉलर के मुकाबले रुपये का अवमूल्यन आये दिन देखा जा रहा है। तेल की क ीमतें आसमान छू रही हैं। रुपये के स्तर में गिरावट, तेल कीमतों में बढ़ोतरी मंहगाई बेरोजगारी ,आदि सब कुछ उसी के दुष्परिणाम हैं।

## यहाँ तोते उड़ाए जाते हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**वैसे** तो वे चूना नहीं बेचते थे, लेकिन चूना लगाने में सिद्धहस्त थे। ऐसे सिद्धहस्त के सेक्रेटरी ने उनसे कहा - हुसर! हमारा ज्योतिषी का चैनल दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। आपकी भविष्यवाणी सही हुई। सब्सक्राइबर्स की संख्या कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ती जा रही है। अब प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। आजकल के लोग काम कम और भविष्य ज्यादा देखते हैं। आपके कार्यक्रम का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब तो आपके कार्यक्रम को लेकर प्रायोजकों में गजब होड़ लगी है। सभी आपको मुँह मांगी कीमत देना चाहते हैं। मुझे समझ नहीं आता किसे हाँ करूँ और किसे न। कमाल की बात तो यह है कि आप हर हर राशि वालों के बारे में वही दस-बारह घिसी-पिटी बातें बताते हैं। ये नादान अंधविश्वासी उसमें से जो नहीं होता उसे अपना दोष समझकर और जो हो जाता है उसे आपकी कृपा मानकर आपका जयजयकार करने लगे हैं। आपने बिना ज्योतिषी का कोई कोर्स किए असली ज्योतिषियों की दुकान सदा के लिए बंद कर दी है। अब तो हर कोई आपको पूजता है। लोगों के अंधविश्वास को बनाए रखना हमारे धंधे का सबसे बड़ा वसूल है। बढ़ती तकनीक के इस युग में खेत जोतने बैलों की तरह अंधभक्तों का ध्यान केवल अंधविश्वासों की ओर रखना भी एक कला है। जब से यह स्मार्टफोन आए हैं लोग बहुत जागरूक हो गए हैं। वह तो तुलसीदास का शुक्र मनाओ कि उन्होंने हमें यह बता दिया कि यह दुनिया जड़-चेतन और गुण-दोषों से बनी है। लोगों के सोचने समझने की क्षमता समाप्त कर दो वह स्वयं अंधविश्वासी बन जाएगा।

## उन्नावः श्रीमद् भागवत कथा व मियागंज में संपन्न हो रही राजसूय यज्ञ में पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक




**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव।** जिले की सदर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक पंकज गुप्ता के सानिध्य में अचलगंज तिराहा स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा जो कि ठाकुर देवकीनंदन जी महाराज के मुखारबिंदु से 19 नवंबर तक सुनाई जाएगी । रविवार को विधायक के आवास से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया । कलश यात्रा बस स्टैंड से होते हुए बड़ा चौराहा एवं छोटा चौराहा से भागवत कथा मंचन तक कई मनमोहक झांकियों के साथ पहुंची । जिसमें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सम्मिलित होने पहुंचे । सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला सहित बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी भी पहुँच गए! वहीं यूपी के डिप्टी सीएम मियागंज में हो रही राजसूय यज्ञ में भाग लेने भी पहुंचे । जहां राजतंत्र के रूप ने उनका स्वागत किया गया । उप मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है मानव सारे देवी देवता आसमान से धरती पर उतर आए हो और आप सब को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों । सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार आदि ने मुख्यमंत्री के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां डाल प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की ।

## भारत कल्याण मंच का प्रयास है सराहनीयः सदर विधायक




**चित्रकूट।** भारत कल्याण मंच के निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण एवं दंत चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ सदर विधायक अनिल प्रधान ने करते हुए कहा कि मंच का प्रयास सराहनीय है। इतने बडे अस्पताल की सुविधा जिले में देना बहुत बडी बात है। तमाम हृदय रोगी आर्थिक रुप से कमजोर होते हैं, जो अपना इलाज मेदान्ता में नहीं करा सकते हैं।

रविवार को चित्रकूट इंटर कालेज में लगे शिविर का शुभारम्भ करते हुए सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि ऐसे आयोजन के लिए वे हर सम्भव सहायता देने को तैयार हैं। चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि कैम्प में हमेशा भरपूर सहयोग करेंगे। शिविर में तकरीबन तीन सौ लोगों ने पूर्व से ही इलाज व परीक्षण को पंजीयन करा रखा था। मेदान्ता के हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों की देखरेख व उचित इलाज करने में जुटी है।

शिविर में डॉ ओमनाथ मिश्रा व डॉ इन्दु मिश्रा ने दांतों के रोग का परीक्षण व इलाज निःशुल्क कर मुफ्त दवाई दे रहे हैं। शिविर में ईसीजी व अत्याधुनिक मशीनों से हृदय की जांच की जा रही है। इस मौके पर शिविर के मुख्य संयोजक योगेश जैन, अध्यक्ष पीडी गुप्ता, वेदप्रकाश पाण्डेय, राजू लखानी, अरुण गुप्ता, शंकर यादव, आदर्श श्रीवास्तव, शुभम गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, पप्पू कुशवाहा, अपेक्षा बांधवकर, अनिमेश गुप्ता, गुलजार सिंह, अनीता सिंह, बालवीर सिंह, शिवप्रकाश गुप्ता, शिक्षक नेता अखिलेश पाण्डेय, जयश्रीजोग, अनुराग शुक्ला, संतोष विश्वकर्मा, सौरभ यादव, राघवेन्द्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

## रविवार को नहीं होगी बन्दियों से मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला कारागार में बन्दियों/कैदियों से मुलाकात को लेकर शासन के निर्देश पर नियमों में परिवर्तन किया गया है। अब रविवार को किसी भी बन्दी से मुलाकात नहीं होगी। इस दिन साप्ताहिक बन्दी की गई है। नई व्यवस्था लागू होने से रविवार को अवकाश रहेगा। शनिवार को सामान्य दिनों की भांति मुलाकात कराई जायेगी।

रविवार को जेल अधीक्षक अशोक सागर ने बताया कि कारागार में निरुद्ध सभी बन्दियों को मई-जून छोडकर शाम के समय एक कप चाय और बिस्कुट देने का नियम हुआ है। इसके पहले केवल सवेरे चाय मिलती थी। जेल मैनुअल में हुए संशोधन के बाद कारागार में निरुद्ध सभी बन्दियों को होली, दीवाली, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस पर विशेष भोजन दिये जा रहे हैं। सूजी के हलवा के स्थान पर खीर और ईदउलजुहा पर सेवई देने का नियम हुआ है।

जेल अधीक्षक अशोक सागर ने बताया कि बन्दी कैंटीन से बेंचे जाने वाली खाद्य सामग्री जेल के सामान्य पर्यावरण और सुरक्षा को ध्यान में रखकर दी जायेगी। लाभांश का 60 फीसदी कैंटीन संचालन और 40 फीसदी बन्दी कल्याण कोष में दिया जायेगा।

## लोक अदालत में निपटे 35354 मामले,13 जोडों को सुलह-समझौते से मिलाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से 35254 मामलों का निस्तारण हुआ। परिवार न्यायालय 13 जोडों को आपसी सुलह-समझौते से मिलाया।

शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर किया। लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों ने 1587 वाद निस्तारित किये। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल सिंह ने सुलह-समझौते से 13 जोडों के मामले समाप्त कर सभी लोगों को मिलाकर शुभकामनायें देकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों के अलावा 33667 मामलों का निस्तारण राजस्व व अन्य विभागों ने किया। नौ से 11 नवम्बर तक विशेष लोक अदालत में 408 वाद निस्तारित हुए।

इस मौके पर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेशचन्द्र, अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट संजयके लाल, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट दीपनारायण तिवारी, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज विनीत नारायण पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन सुशील कुमार वर्मा, सिविल जज जूनियर डिवीजन सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्टेज्ट प्रथम वसुन्धरा शर्मा, न्यायिक मजिस्टेज्ट द्वितीय संगमित्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी व संघ के पदाधिकारी, अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी व वादकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता के महत्व को ईओ ने बताया




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन ने ईओ रामअचल कुरील के सहयोग से कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया। कुरील ने लोगों को गन्दगी से होने वाली बीमारी के बारे में बताते हुए स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छ माहौल के लिए प्रेरित करना है। धीरे-धीरे लोग सफाई के अहमियत को भूलते जा रहे हैं। जहां देखो वहीं कूडा फेंककर स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाते हैं। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। बच्चों को भी सफाई का महत्व समझाना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि गन्दगी से बहुत सी बीमारियो का जन्म होता है। अपने आसपास जलभराव न होने दें। स्वच्छता से तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर अभियान में शामिल अंजू वर्मा, निर्मल पाण्डेय, राजेन्द्र त्रिपाठी, शुभम गुप्ता, जितेन्द्र केशरवानी, अनिल शुक्ला, जानकी कुशवाहा, सुमित व अंकुर केशरवानी आदि ने सहयोग किया।

## दो चोरों को दबोचकर बरामद किया ट्राली समेत ट्रैक्टर



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा की अगुवाई में सीतापुर चैकी प्रभारी ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरों के कब्जे से मय ट्राली के ट्रैक्टर बरामद किया है।

ज्ञात है कि 11 नवम्बर को नरैनी थाने के नंदवारा गांव के शशिदीप सिंह पुत्र दादूराम ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि अज्ञात चोर खोही से ट्रैक्टर यूपी 96के- 5552 मय ट्राली के चुरा ले गये हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्जकर चोरों की सुरागरसी शुरू कर दी। चैकी प्रभारी ने आज अजय मिश्रा पुत्र राजा भइया निवासी दुगवां थाना भरतकूप, प्रवीण कुमार शुक्ला पुत्र इन्द्रपाल निवासी पथरापालदेव नया गांव सतना मप्र को दबोचकर उनके कब्जे से ट्रैक्टर मय ट्राली के बरामद कर लिया।

## अयोध्या से चित्रकूट पहुंची पचासवीं भरत यात्रा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से चलने वाली भरत यात्रा श्रीराम की तपस्थली चित्रकूट पहुंची। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष/महंत नृत्यगोपाल के उत्तराधिकारी कमलनयनदास की अगुवाई में सैकडों साधु-संत भजन गाते हुए यहां आये।

शनिवार को देर शाम पचासवीं भरत यात्रा तीन दिनों के भ्रमण को यहां आई है। यात्रा में आये साधु-संत व श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री राम व भरत मिलाप में साधु-संतों का उत्साह देखा जा रहा है।

शाम को शहर के शंकर बाजार स्थित रामदास तम्बाकू वाले के आवास पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। स्थानीय लोगों ने फूल-माला व तिलक लगाकर यात्रा में आये साधु-संतों से आशीर्वाद लिया। इसके बाद अग्रहरि धर्मशाले में रात्रि विश्राम को यात्रा रवाना हुई। यात्रा में रामायणी रामशरण दास, कथा वक्ता आस्था, महंत जीवनदास, विनोद दास व कौशलेन्द्र रघुवंशी शामिल हैं।

## चलती ट्रेन से परिवार को उतारने में कटा युवक

**वाराणसी। मंडुआ**डीह थाना क्षेत्र के बरेका स्थित भुल्लनपुर स्टेशन पर शनिवार अपराह्न मिजार्पुर के अदलहाट के रुदौली निवासी संतोष कुमार सिंह (35) पटना-सिकंदराबाद ट्रेन से कट गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।वह ट्रेन से सपरिवार लौट रहा था। भुल्लनपुर स्टेशन पर ट्रेन की गति धीमी होने पर परिवार के सदस्यों को एक-एक कर उतारने लगा। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर गिरकर ट्रैक के नीचे आ गया। उसके दोनों पैर कट गये। सिर में भी गंभीर चोट आई।

## थाना दिवस में आई शिकायतों को गम्भीरता से सुन गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया

**बिजनौर। सीओ** सिटी अनिल कुमार सिंह समाधान दिवसह्ल के अवसर पर थाना हल्दौर पर पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र व न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाये। उन्होंने ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, थाना कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार को सीओ सिटी अनिल कुमार सिंह हल्दौर थाने पहुचे कर थाना समाधान दिवसह्ल के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र व न्यायपूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। सीओ ने थाने का भ्रमण कर कार्यालय केअभिलेखो ूइल्लरहवालात ,मैस,साइबर और महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि आगामी थाना दिवस से पूर्व सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्व मानक के अनुसार कर लिया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शामिल है, अतः कोई भी अधिकारी उपलब्ध शिकायतों के निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरतें तथा स्वंय सत्यापन करें। उन्होंने ने थाना दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होने शासन की मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यो का लाभ पूर्ण गुणवत्ता के साथ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा।

## घर से वाहन से निकलने पर बच्चे दिलायें हेलमेट की यादः सीओ यातायात




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात माह नवम्बर में जनजागरूकता अभियान के क्रम में सीओ यातायात एसपी सोनकर की अध्यक्षता में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने गोष्ठी कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

रविवार को खुटहा गांव के बाल शिक्षा सेवा निःशुल्क संस्थान में हुई गोष्ठी में यातायात सीओ एसपी सोनकर ने कहा कि दो व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट/हेलमेट अवश्य लगाये। जीवन बहुमूल्य है, अपने एवं परिवार की सुरक्षा को हेलमेट लगाना बहुत जरूरी है। बच्चों से कहा कि परिजन जब भी घर से दोपहिया लेकर निकलें तो उन्हें हेलमेट लगाने की याद दिलायें। सडक पर हमेशा बाईं ओर ही वाहन चलायें। 18 वर्ष होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलायें।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने गोष्ठी में कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात करने पर ही ज्यादातर हादसे होते हैं। मोबाइल फोन व हेडफोन का प्रयोग न करें। सडक पर चलते समय बने यातायात संकेतों का पालन करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। शादी-विवाह या समारोह में वाहन चालक के शराब पीने पर हादसों का खतरा बढ जाता है। तेज गति से वाहन चलाने से भी हादसों की सम्भावना ज्यादा रहती है। ग्रामीणों को बताया कि नई उम्र के बच्चों को वाहन से बाहर जाते समय तेज गति से वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दें। जो नवयुवक तेजगति से वाहन चलाते हैं, वह हादसे को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने संस्थान में पढ रहे बच्चों को यातायात नियमों व संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के बच्चों से निबन्ध प्रतियोगिता भी कराई। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्हें सीओ यातायात व यातायात प्रभारी ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन कर उज्जवल भविष्य की कामना की। गोष्ठी में समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, यातायात सिपाही आशाराम गौतम, देवेन्द्र राजपूत, नौसाद खान, संस्थान के राजकरन व सभी शिक्षक तथा ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

## गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा में दिखा जोश-खरोश




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी की गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देश पर जिले के सभी नगर पंचायतों व नगर पालिका में जारी अभियान के तहत यूथ विंग के जिलाध्यक्ष युवराज सिंह की अध्यक्षता में कसहाई रोड स्थित ज्ञानभारती विद्यालय से सरार्फा मार्केट होते हुए गंगाजी रोड से जनसेवा इंटर कालेज से ओवरब्रिज क्रास कर एलआईसी चैराहा पहुंची।

रविवार को आम आदमी पार्टी की गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा पार्टी के चुनाव कार्यालय में आम के प्रदेश सचिव प्रखर वाजपेयी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि आम आदमी पार्टी की गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा खासा रंग दिखायेगी। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का परचम लहरायेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों से कहा कि निकाय चुनाव में आम जनता के बीच जाकर अपनी पहचान बनाते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल मॉडल की जगह-जगह चर्चा करें, ताकि निकाय चुनाव में आप को भारी जीत मिल सके।

इस मौके पर बुन्देलखण्ड प्रांत महासचिव अंकित सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रमोद सोनी, छात्रविंग अध्यक्ष रामकरन यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह यादव, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष भारद्वाज, एससी-एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामनाथ वर्मा, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजबहादुर साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश सिंह पटेल, लेसीना ज्ञानचन्द्रानी कुलदीप कुमार, शिवशंकर, पप्पू यादव, भगवान दास, शारदा साहू, सतीश यादव, इन्द्रेश कुमार, उमेश कुमार, मिथलेश कुमार, दीपक पटेल, अंशू पटेल, लवलेश केशरवानी, हरिओम, धतूरा सिंह पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## दस वर्षीय बच्चे पर गुलदार ने किया हमला, बच्चा घायल



**नगीना। क्षेत्र में** लगातार हो रहे गुलदार के हमलों से किसानों में बेचैनी बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को परिजनों के साथ जंगल गए एक दस वर्षीय बच्चे पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों उसे तुरंत सीएचसी लाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर कर दिया।
थाना क्षेत्र के ग्राम मिजार्लीपुर भारा उर्फ कुत्तोंपुर निवासी डालचंद का 10 वर्षीय पुत्र अमन परिजनों के साथ जंगल गया था। परिजन खेत में काम कर रहे थे।
वह खेत पर खड़ा हुआ था। तभी अचानक गन्ने के खेत से निकलकर गुलदार ने उसके मुंह पर हमला कर घायल कर दिया। अमन ने तुरंत शोर मचा दिया उसके परिजन ने तुरंत डंडे से गुलदार को भगाया। जिससे उसके मुंह पर हमला करने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
घायल अवस्था में उसे उसके परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर कर दिया। ग्रामीणों भूपेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, धर्मेंद्र आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से गुलदारगांव के आसपास घूम रहा । और कई लोगों पर हमले की कोशिश कर चुका है। वन विभाग व उच्च अधिकारियों को कई बार सूचना दे दी गई लेकिन वन विभाग के अधिकारी खानापूर्ति कर चले जाते हैं। गन्ना मिलों के शुरू होने से किसानों के खेतों में काम शुरू हो गया है और गन्ने की कटाई होने लगी खेत खाली होने के साथ-साथ गुलदार खेतों से बाहर निकल कर किसानों पर हमला कर रहे हैं। जिससे किसानों में बेचैनी बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि वन विभाग ने ठोस कार्रवाई नहीं की तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। उधर वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गांव से गुरुवार को गुलदार की सूचना मिली थी गांव में पिंजरे लगा दिए गए। गुलदार को पकड़ने की विधि कोशिश की जा रही है।

## उन्नाव के नवागत पुलिस कप्तान सिद्धार्थ शंकर मीना ने प्रेस वार्ता में बताई अपनी प्राथमिकताएं



**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** नवागत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा जी ने अपनी जो प्राथमिकताएं पहली प्रेस वार्ता में गिनाई है उसमे यदि उनके अधीनस्थ थाना प्रभारियों एवम पुलिस उपाधीक्षकों ने भी पूर्ण समर्पण की भावना से सहयोग किया तो अवश्य ही अपराध में अंकुश लगेगा । जुआ, सट्टा तत्पश्चात चोरी ही अपराध की जननी है इन पर अंकुश लग जाए जिन्हे स्थानीय पुलिस गंभीरता से नही लेती है यदि इन अपराधो में अंकुश लगा तो अपराध थमने में देरी नही लगेगीपुलिस अधीक्षक महोदय की प्राथमिकता भूमाफियाओं पर कार्यवाही भी शामिल है इसके लिए राजस्व विभाग को पूर्ण सहयोग भी करना होगा एंटी भू माफिया अभियान तब तक जनपद में सफल नही होगा जब तक माफिया सरगना मुख्तार अंसारी एवम अतीक अहमद जैसे माफियाओं की तरह प्रशासन विवेचना से लेकर भूमाफियाओं की तलाश में उनके कब्जे की जमीनें मुक्त कराने के लिए कार्यवाही नही करेगा भूमाफिया पनपते भी है स्थानीय राजस्व कर्मियो एवम पुलिस के संरक्षण में उदाहरण के तौर पर नगर पंचायत सफीपुर में एक भूमाफियाओं का गैंग लंबे अरसे से काम कर रहा है जिसे स्थानीय तहसील एवम पुलिस भी जानती है लेकिन अब तक इस गैंग पर प्रभावी कार्यवाही नही हुई क्यों इस गैंग ने नगर पंचायत का पुराना नजरी नक्शा गायब कर रखा है उसकी आड़ में राजस्व अभिलेखों में हेरा फेरी कर कीमती सरकारी जमीनें कब्जाई जा रही है फिर बेचा जा रहा है गुटो में बटा यह गैंग आपस में समझौता भी कर लेता ही मिलीभगत से सरकारी जमीन बेची जा रही है आश्चर्य जनक बात तो यह है इन जमीनों पर बर्चस्व एवम कब्जेदारी को लेकर फर्जी गोली कांड भी हुए अभी हाल में ही नगर के किला बाजार मोहल्ले में जिला पंचायत के अधीन पुराने कालेज की जमीन पर उसके ही किराएदार मौलाना ने अमानत में खयानत कर कब्जा कर भूखंड खड़ा कर दिया कुछ लोगो ने जब इस मामले का विरोध किया तो सत्ता के करीबी नेताओ की हनक में अपने ऊपर जान लेवा हमले का आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया जिससे कोई विरोध करने का साहस न कर सके यदि इस तरह के मामलो की गहन छानबीन हो तो कई चेहरे बेनकाब होंगे जो सफेदपोश आवरणधारियों से साठगांठ कर सरकारी जमीनें हड़पने में माहिर है । पुलिस अधीक्षक महोदय यदि ऐसे भूमाफियाओं पर अंकुश लगाने में सफल हुए तो अपनी प्राथमिकताओं को पूर्ण कर जनपद के सफल कप्तान साबित होंगे । खैर आने वाले दिनों में सब कुछ साफ हो जाएगा कि कथनी एवम करनी में कितना अंतर है ।

# कनाडा, इंडोनेशिया व सिंगापुर के विदेश मंत्रियों से मिले भारतीय विदेश मंत्री

**-कंबोडिया में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय चर्चाएं**

**नामपेन्ह।** कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा, इंडोनेशिया एवं सिंगापुर के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय चर्चाएं भी कीं। इस दौरान इन देशों के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया गया।

विदेश मंत्री जयशंकर इस समय आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के लिए कंबोडिया की यात्रा पर हैं। जयशंकर ने ट्वीट कर सम्मेलन से इतर विदेश मंत्रियों के साथ मुलाकात की जानकारी दी। कनाडा की विदेश मंत्री मिलेन जॉली के साथ हुई मुलाकात में दोनों नेताओं ने यूक्रेन



विवाद और उसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की। इसके अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं समन्वय सुनिश्चित करने और इसमें दोनों देशों की महत्वपूर्ण भूमिका के संदर्भ में विचार विमर्श हुआ। दोनों विदेश मंत्रियों ने भारत एवं कनाडा के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही सामुदायिक कल्याण के लिए मिलकर काम करने की बात कही गयी। दोनों नेताओं ने वीजा से जुड़ी चुनौतियों के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना भी की।

भारतीय विदेश मंत्री सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से भी मिले। दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के आपसी रिश्तों पर चर्चा की और उन्हें और मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। भारतीय विदेश मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सिंगापुर के विदेश मंत्री के साथ वार्तालाप सदैव अच्छा होता है। जयशंकर ने बालाकृष्णन को अपना मित्र करार दिया। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में इंडोनेशिया की विदेश मंत्री रेट्नो मर्सूदी से मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि मर्सूदी से मुलाकात बहुत अच्छी रही। जयशंकर ने मर्सूदी को बाली में शीघ्र प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

# पाकिस्तान में सुरक्षा को लेकर टेंशन में चीन, CPEC को अफगानिस्तान तक बढ़ाने पर बदल सकता है फैसला

**बीजिंग।** चीन का अपने आर्थिक गलियारे के विस्तार का सपना पाकिस्तान की वजह से पूरा होता नहीं दिख रहा है। चीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के संकल्प करने के बावजूद पाकिस्तान CPEC के विस्तार का काम अफगानिस्तान में नहीं कर पा रहा है। पाकिस्तान के सुरक्षा न दे पाने के कारण इसमें देरी हो रही है, जिससे चीन असंतुष्ट है।जियोपॉलिटिक की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान के साथ मिल कर CPEC का विस्तार अफगानिस्तान तक करना चाहता था लेकिन उसे डर है कि उसे वहां उसी तरह की आतंकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जो वह अभी पाकिस्तान में झेल रहा है।

अफगानिस्तान में बुनियादी ढांचा कमजोर है और निवेश को अवशोषित करने की कम क्षमता है। साथ ही तालिबान शासन को विरोध करने वाले इस्लामी समूहों




जैसे ढ्रग्स से बड़ा खतरा है। सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान में शोध विश्लेषक क्लाउडिया चिया यी एन ने कहा, 'तालिबान को शुरू से चीनी निवेश की उम्मीद थी। लेकिन यह पूरा नहीं हो सका है। चीन लगातार निवेश के लिए अनिच्छुक है।' उन्होंने अफगानिस्तान के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट के उपाध्यक्ष खान जान अलोकोज़े का हवाला देते हुए कहा कि चीन की सबसे बड़ी चिंता है कि अफगानिस्तान में कई जगह बड़े कबायली क्षेत्र हैं, जहां सरकार का नियंत्रण नहीं है।

इन इलाकों का उपयोग आतंकियों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता है। अफगानिस्तान तक अपना तेल बेचने के लिए भी रूस को इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिका के निकलने के बाद चीन और रूस दोनों ही इस खाली जगह को भरना चाहते हैं। रूस एक मौजूदा व्यापार भागीदार है तो चीन अफगानिस्तान के उन संसाधनों का पता लगाना चाहता है जो खोजे नहीं गए हैं।

# पाकिस्तानी पीएम शहबाज को झटका, ब्रिटिश कोर्ट ने अवमानना मामले पर अर्जी ठुकराई

**लंदन/इस्लामाबादः** ब्रिटेन में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को झटका देते हुए अवमानना मामले में उनकी अर्जी ठुकरा दी है। कोर्ट ने शहबाज शरीफ और उनके दामाद को एक प्रमुख ब्रिटिश अखबार के प्रकाशक के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने प्रधानमंत्री को प्रतिवादी को लागत के रूप में 30,000 पाउंड का भुगतान करने का भी आदेश दिया। वर्ष 2019 में, 'मेल ऑन संडे' ने एक लेख प्रकाशित किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रहते हुए ब्रिटेन सरकार द्वारा उपलब्ध सहायता राशि का गबन और धनशोधन किया था। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, शरीफ ने इन आरोपों पर आपत्ति जताते हुए जनवरी 2020 में अखबार के खिलाफ मानहानि का दावा दायर किया था, जिसमें क्षतिपूर्ति और माफी मांगने की मांग की गई है। खबर के मुताबिक, इस



साल मार्च में अखबार ने इस मुकदमे को लेकर 50 पन्ने का जवाब दाखिल किया था। किंग्स बेंच डिवीजन के न्यायाधीश निकलिन द्वारा नौ नवंबर को जारी एक आदेश के अनुसार, शरीफ और उनके दामाद इमरान अली यूसुफ की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने के अनुरोध वाली अर्जी को अदालत ने अस्वीकार कर दिया। अदालत ने कहा है कि दोनों दावेदार अखबार द्वारा प्रस्तुत बचाव दलीलों का जवाब दें। खबर के मुताबिक, अदालत ने आदेश दिया कि कागजी प्रक्रिया के लिए अखबार द्वारा खर्च किए गए धन की भरपाई के वास्ते 23 नवंबर तक प्रतिवादी को 30,000 पाउंड का भुगतान किया जाए।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नामपेन्ह।** कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में आयोजित 19वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इसके संबंध में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ट्वीट किया, कंबोडिया में आसियान गाला डिनर के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ गर्मजोशी से बातचीत।

विदेश मंत्री जयशंकर इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के लिए कंबोडिया की यात्रा पर हैं। इस दौरान जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन से भी मुलाकात की। इससे पहले जयशंकर ने कनाडा, इंडोनेशिया एवं सिंगापुर के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय चर्चाएं भी कीं। इस दौरान इन देशों के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## मिस्र : नहर में गिरी बस, 22 की मौत व छह गंभीर

**काहिर।** मिस्त्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में डकालिया प्रांत में एक बस नहर में गिरने से 22 लोगों की डूबकर मौत हो गई। इस हादसे में छह लोग गंभीर हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट में मिस्त्र के स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि डकाहलिया प्रांत के आगा शहर में एक बस अचानक अनियंत्रित होकर मंसूरिया नहर में गिर गई। इस रिपोर्ट में



35 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलने पर बड़े स्तर पर राहत अभियान चलाया गया। इस घटना में 22 लोगों की मौत की खबर है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस हादसे में छह लोग गंभीर हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी डॉ शेरिफ माकन के अनुसार मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं।

# अमेरिका में दो पुराने लड़ाकू विमान हवा में टकराकर हुए क्रैश, छह लोगों की मौत की आशंका

**टेक्सास ।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत में दो पुराने लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकराकर क्रैश हो गए और इस हादसे में छह लोगों की मौत की आशंका जताई गई है। संघीय विमानन प्रशासन के हवाले से सामने आई जानकारी के मुताबिक यह हादसा टेक्सास के डलास शहर में एक एयर शो के दौरान हुआ।

मौके पर मौजूद रहे एंथोनी मोंटोया ने दोनों विमानों को आपस में टकराते हुए देखा। उन्होंने देखा कि आसमान में दो विमान आपस में टकरा गए। आगे कहा कि मैं पूरी तरह सदमे में चला गया और मुझे विश्वास नहीं हुआ कि ऐसा कुछ हुआ है। मैं अपने दोस्त के साथ एयर शो में



गया था। जैसे ही विमान आपस में टकराए तो चारों ओर अफरातफरी मच गई और कुछ लोग चिल्ला रहे थे।

**घटना दोपहर के समय हुई**

मीडिया खबरों के मुताबिक, विमान हादसे की सूचना मिलते ही आपातकालीन कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर तत्काल काम शुरू कर दिया। कुछ वीडियो में दिखाया जा रहा है कि एक जगह पर विमान का मलबा पड़ा है और कर्मचारी मलबे को हटा रहे हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने एक बयान में कहा कि बोइंग बी-17 फ्लाइंग फोर्ट्रेस और एक बेल पी-63 किंगकोबरा दोपहर करीब 1:20 बजे (स्थानीय समयानुसार) टकरा गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। टक्कर स्मारक वायु सेना विंग्स ओवर डलास शो के दौरान हुई।

**अमेरिकी वायु सेना ने इस्तेमाल किए विमान**-बी-17 एक विशाल चार इंजन वाला बमवर्षक विमान है। जिसको द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी वायु सेना ने इस्तेमाल किया था। वहीं किंगकोबरा एक अमेरिकी लड़ाकू विमान है जिसे युद्ध के दौरान ज्यादातर सोवियत सेनाओं के खिलाफ इस्तेमाल किया गया था। बोइंग कंपनी के अनुसार अधिकांश बी -17 विमानों को द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में खत्म कर दिया गया था और अब कुछ विमान ही रहे गए हैं जिनको एयर शो या संग्रहालयों में दिखाया जाता है।

# यूएस मध्यावधि चुनावः रिपब्लिकन की उम्मीदों पर फिरा पानी, सीनेट में डेमोक्रेट्स का जलवा बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी सीनेट में बहुमत बरकरार रखेगी क्योंकि उसके दो उम्मीदवारों के रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ जीत दर्ज करने का अनुमान है। नेवाडा में सीनेटर कैथरीन कोर्टेज मैस्टो के अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एडम लैक्सेट को हराने की उम्मीद है, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हासिल था जबकि एरिजोना में सीनेटर मार्क केली रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार ब्लैक मास्टर्स को हराने की ओर बढ़ रहे हैं। इन परिणामों के बाद 100 सदस्यीय सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 50 सीटें होंगी जबकि रिपब्लिकन पार्टी के पास वर्तमान में 49 सीटें हैं। जॉर्जिया के चुनाव परिणाम अभी नहीं आए हैं। अमेरिकी



सीनेट में 100 सीटें हैं, जिनमें से डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के 50-50 सदस्य थे। मुकाबला बराबर रहने पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सीनेट की प्रमुख की हैसियत से अपना वोट डालती थीं। इससे पहले सीनेट के नेता सदन चक शूमर ने शनिवार रात जीत हासिल करने का दावा किया। उन्होंने ट्वीट किया, सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दो सदनों सीनेट और प्रतिनिधि सभा के लिए आठ नवंबर को मतदान हुआ था।

वहीं, प्रतिनिधि सभा की बात करें तो तक रिपब्लिकन पार्टी 213 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी थी या फिर आगे चल रही थी। डेमोक्रेटिक पार्टी 203 सीटों पर आगे थी या जीत हासिल कर चुकी थी। इस बीच, डेमोक्रेटिक पार्टी के सिस्को एग्वीलर को नेवाडा का 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' चुन लिया गयाहै। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार जिम मर्चेंट को हराया।

## बड़ी संख्या में प्रवासियों के आगमन के बीच अमेरिका के सीमा एजेंसी प्रमुख ने इस्तीफा दिया

**वाशिंगटन।** मैक्सिको से अत्यधिक संख्या में प्रवासियों के देश में प्रवेश करने के बीच अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा के प्रमुख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिस मैग्नस ने शनिवार को राष्ट्रपति जो बाइडन को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा कि प्रशासन का हिस्सा बनना उनके लिए ''एक विशेषाधिकार और सम्मान'' था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कराइन जीन-पियरे ने कहा कि बाइडन ने मैग्नस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन ने कमिश्नर मैग्नस की लगभग चालीस वर्षों की सेवा और अमेरिका के तीन शहरों में पुलिस प्रमुख के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पुलिस सुधार में उनके योगदान की सराहना की है।'' 30 सितंबर को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में मैक्सिको की सीमा पर प्रवासियों को 23.8 लाख बार रोका गया, जो एक साल पहले की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है। यह संख्या अगस्त में पहली बार वार्षिक कुल 20 लाख को पार कर गई और 2019 में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद के दौरान के उच्चतम स्तर से दोगुने से अधिक है। 'लॉस एंजिलिस टाइम्स' ने सबसे पहले अल्टीमेटम पर खबर दी थी। अखबार को दिए एक बयान में मैग्नस ने कहा था कि उन्हें होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी एलेजांद्रो मेयरकास ने पद छोड़ने या निकाल दिए जाने के बारे में कहा था।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नामपेन्ह।** कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में आयोजित 19वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की।इसके संबंध में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ट्वीट किया, "कंबोडिया में आसियान गाला डिनर के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ गर्मजोशी से बातचीत।" विदेश मंत्री जयशंकर इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के लिए कंबोडिया की यात्रा पर हैं। इस दौरान जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन से भी मुलाकात की। इससे पहले जयशंकर ने कनाडा, इंडोनेशिया एवं सिंगापुर के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय चचाएं भी कीं। इस दौरान इन देशों के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# जर्मनी का दावा- यूरोपीय संघ लगा सकता है ईरान पर प्रतिबंध

**बर्लिनः** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के लिए ईरान सरकार की कड़ी निंदा की और कहा कि जर्मनी ''ईरानी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर' खड़ा है। शोल्ज ने कहा कि ईरानी पुलिस की हिरासत में 16 सितंबर को 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए प्रदर्शन अब ''केवल ड्रेस कोड का सवाल' नहीं रहे हैं, बल्कि स्वतंत्रता एवं न्याय की लड़ाई में बदल गए हैं। पुलिस हिरासत में अमीनी की मौत के बाद ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

शोल्ज ने कहा कि ईरान को उसकी क्रूर कार्रवाई और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में इस्तेमाल के लिए रूस को सैकड़ों ड्रोन भेजने के उसके फैसले के लिए अतिरिक्त प्रतिबंध झेलने होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों के सोमवार को बैठक में अतिरिक्त प्रतिबंधों पर सहमत होने की संभावना है। महिलाओं के लिए ईरान में सख्त ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में अमीनी को हिरासत में लिया गया था। शुरुआत में विरोध प्रदर्शन ईरान में हिजाब पहनने की अनिवार्यता पर केंद्रित थे, लेकिन बाद में प्रदर्शनों का सिलसिला बढ़ता गया और ये 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद सत्तारूढ़ शासकों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक में बदल गए हैं।शोल्ज ने अपने साप्ताहिक वीडियो संदेश में कहा, ''हमारे लिए इस बात की कल्पना भी मुश्किल है कि ऐसा (प्रदर्शन) करने के लिए कितने साहस की आवश्यकता है। प्रदर्शनों में 300 से अधिक मारे गए, दर्जनों को मौत की सजा दी गई और 14,000 से अधिक गिरफ्तारियां की गई। जो लोग ईरान में



उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं, वे अपनी और अपने प्रियजन की जान अक्सर जोखिम में डालते हैं और जेल में दशकों की सजा एवं यातना सहने की आशंका बनी रहती है।' उन्होंने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा के लिए ईरान सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार बताया।

# आसियान देशों के साथ नए क्षेत्रों में साझेदारी, मिलकर रोकेंगे आतंकवाद व अपराध

**नामपेन्ह।** आसियान देशों के साथ भारत नए क्षेत्रों में साझेदारी की पहल करेगा। कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में आयोजित 19वें आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में सभी देशों ने मिलकर आतंकवाद व वैश्विक अपराध रोकने का संकल्प व्यक्त किया। आसियान के सदस्य देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस, सिंगापुर, थाइलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया के साथ भारत इस विशेष स्मारक शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहा है।

कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में 19वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन का आयोजन आसियान-भारत संवाद साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर किया गया है। इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारतीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ कंबोडिया पहुंचे हैं। शिखर सम्मेलन के बाद जारी साझा बयान में सभी देशों ने अपराध, आतंकवाद व सुरक्षा तथा अन्य तमाम क्षेत्रों में मिलकर काम करने का एलान किया।

भारत और आसियान देशों के बीच व्यापक सामरिक साझेदारी




पर जारी साझा बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग, साइबर अपराध, ड्रग्स और मानव तस्करी, हथियारों की तस्करी सहित आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों के खिलाफ सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को बनाए रखने और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने की घोषणा की गई। आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में आसियान सदस्य देशों के नेताओं के साथ भारतीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी की क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में आसियान की मजबूती के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।